पाक्षिक

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 6 ◆ रायपुर 20 सितंबर 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### वंदे भारत हमारे समय की बचत का नया मापदंड करेगी स्थापित - राज्यपाल

# पीएम मोदी ने 6 नई वंदे भारत ट्रेनों का किया शुभारंभ

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 6 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ किया। गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित कार्य म में उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इन ट्रेनों का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ को भी दुर्ग से विशाखापट्टनम तक वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिली।



इस अवसर पर रायपुर रेलवे स्टेशन में एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे राज्यपाल रमेन डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राज्यपाल डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह वंदे भारत एक्सप्रेस, जो औसतन 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती है, दुर्ग और विशाखापट्टनम के बीच की दूरी को केवल 8 घंटों में पूरा करेगी। वर्तमान में अन्य ट्रेनें इस दूरी को 11 घंटों में तय करती हैं, लेकिन वंदे भारत हमारे समय की बचत का नया मापदंड स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन न केवल हमारी यात्राओं को तेज बनाएगी, बल्कि यात्रियों के लिए आरामदायक और सुविधाजनक भी होगी। राज्यपाल डेका ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह से स्वदेशी निर्माण है। यह ''मेक इन इंडिया'' और ''आत्मनिर्भर भारत'' की भावना का प्रतीक है। इससे यह स्पष्ट होता है कि हम न केवल आधुनिक तकनीक को अपना रहे हैं, बल्कि इसे अपने देश में विकसित और निर्मित भी कर रहे हैं। यह तकनीकी उन्नति और भारत की आधुनिक रेल प्रणाली का शानदार उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे राज्य के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में, देश की रेल सेवाओं में आधुनिकता और गति का नया अध्याय लिखने वाली वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ हो रहा है।

**छत्तीसगढ़ को दुर्ग से विशाखापट्टनम तक मिली नई एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात**




### भगवा रंग से रंगी 16 कोच की ट्रेन

दुर्ग विशाखापट्नम वंदेभारत 16 कोच के साथ चली। भगवा रंग से रंगी यह ट्रेन आधुनिक फीचर्स से लैस है। दुर्ग और विशाखापत्तनम के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी। गुरुवार को मेंटेनेंस के लिए एकमात्र दिन छुट्टी होगी। ट्रेन का मेंटेनेंस दुर्ग स्टेशन पर किया जाएगा। यह सेमी स्पीड ट्रेन से छत्तीसगढ़, ओड़िशा और आंध्रप्रदेश का संपर्क बढ़ेगा। साथ ही दोनों ओर से यात्रियों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा।

सांसद बृजमोहन का बड़ा बयान

### कांग्रेसी पूरी ताकत झोंक दे तो भी नहीं जीत पाएंगे रायपुर दक्षिण



**रायपुर.** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण उपचुनाव पर बड़ा बयान दिया है. इस उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने संचालन समिति बनाई है. इस मामले में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पूरे देश की कांग्रेस पूरी ताकत झोंक दे तब भी दक्षिण विधानसभा बीजेपी की थी, है और रहेगी. नक्सल हिंसा से पीड़ित लोग अपनी मांगों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे. इस मामले में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने का निर्णय लिया गया है. नक्सलवाद के कारण कई लोग अपाहिज हुए हैं. इसकी जानकारी देश, दुनिया को नहीं होती थी. नक्सलवाद का दंश बस्तर के विकास को रोका हुआ है. नक्सल हिंसा से पीड़त लोग राष्ट्पति और केंद्रीय गृह मंत्री से भी मुलाकात करेंगे. केंजा नक्सली मनवा माटा अभियान पर कांग्रेस ने तंज कसा है, इस पर सांसद बृजमोहन ने पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस ने नक्सलवाद को समाप्त करने काम नहीं किया. इस अभियान के कारण नक्सलवादियों का असल चेहरा सामने आएगा. कांग्रेस सब समझती है, लेकिन समझने की कोशिश नहीं करती।

### *विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े*


# मंत्री गडकरी ने विश्व के सबसे ऊंचे बैम्बू टॉवर का किया लोकार्पण

रायपुर। विश्व बांस दिवस पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने बेमेतरा में तैयार विश्व के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का ऑनलाइन लोकार्पण किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह भी लोकार्पण कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े।



बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया में भव्य सृष्टि उद्योग द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का निर्माण किया गया है। करीब 11 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस टॉवर की ऊंचाई 140 फीट और वजन 7400 किलोग्राम है। पेरिस के एफिल टॉवर जैसी डिजाइन वाला यह टॉवर भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर और बांस प्रौद्योगिकी से जुड़े श्री गणेश वर्मा ने बनाया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने बांस-टॉवर का लोकार्पण करते हुए कहा कि भव्य सृष्टि उद्योग बांस पर लगातार अनुसंधान कर इसकी नई-नई खासियतों को सामने ला रहा है। अपनी नई सोच और पहल से उन्होंने 140 फीट ऊंचा यह टॉवर बनाया है। यह टॉवर वजन में हल्का है और इसका जीवन काल कम से कम 25 वर्षों का है। वॉच टॉवर, टेलीकॉम टॉवर, ट्रांसमिशन टॉवर और रेडियो टॉवर के रूप में इसका उपयोग हो सकता है। उन्होंने कहा कि भव्य सृष्टि उद्योग बांस के उपयोग और इससे निर्मित सामग्रियों की नई-नई डिजाइन और परिकल्पना पर लगातार काम कर रहा है। हम लोग उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं। उनके इस कार्य के लिए मैं उन्हें बहुत बधाई देता हूं। श्री गडकरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार यदि बांस के उपयोग के बारे में कोई नीति बनाती है और उसे प्रोत्साहित करती है, तो वहां के आदिवासियों का जीवन बदल जाएगा। छत्तीसगढ़ के हैंडलूम्स, हैंडीक्रॉफ्ट्स और मेटल-क्रॉफ्ट्स में नए डिजाइन बनेंगे तो उनकी अच्छी बिक्री होगी। मैं डॉ. रमन सिंह के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार से अनुरोध करूंगा कि बांस से फर्नीचर और अन्य सामग्रियों के नए-नए डिजाइन उनकी उपयोगिता के आधार पर तैयार करने के लिए डिजाइन सेंटर बनेंगे तो राज्य में निर्यात करने लायक उत्पाद भी तैयार हो सकेंगे।

**बेमेतरा में तैयार विश्व के सबसे ऊंचे बैम्बू टॉवर का किया लोकार्पण**



# एक पौधा पेड़ बनकर कई लोगों को अक्सीजन देता है - विधायक इंद्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** तीज के अवसर पर मयूर परिवहन एवं युवा ब्राह्मण समाज द्वारा धान संग्रहण केंद्र देवरी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन विधायक इंद्र साव के आतिथ्य में किया गया। इस दौरान सर्वाधिक आक्सीजन देने वाले लगभग 50 पौधे पीपल, नीम, बरगद प्रजाति के लगाये गये। कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजको को बधाई देते हुए युवा विधायक इंद्र साव ने कहा की 1 पौधा सिर्फ 1 प्राणी को जीवन बचाने के लिए उपयोगी नही होता बल्कि उसके आक्सीजन से प्रत्येक जीव जंतु को जीवन दान मिलता है। उन्होंने उसी तरह हमे भी इस पोधे को वृक्ष बनते तक परवरिश करनी होगी। मयूर परिवहन के संचालक राधेश्याम शर्मा फग्गा ने कहा कि अगली पीढ़ी के भविष्य के लिए पर्यावरण सुधार हमारी महती जिम्मेदारी है। युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि विश्व की दो बड़ी समस्या है, युद्ध और पर्यावरण युद्ध पर नियंत्रण असंभव है मगर पर्यावरण के लिए प्रयास हमारा कर्तव्य है।

कार्यक्रम का संचालन संतोष पुरोहित द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ईश्वर सिंह ठाकुर, हर गोपाल शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा लच्छू, राजेंद्र जोशी, जितेंद्र तिवारी, नारायण सिंह चंदेल, किशोर रजक, संजय ठाकुर, सत्यजीत शेंडे, सौरभ शर्मा, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ जोशी, साकेत उपाध्याय व अमितेश शुक्ल आदि उपस्थित थे।

# यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में कार्यवाही

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चालान करने में स्वयं एवं मार्ग में चलने वाले अन्य वाहन, राहगीरों के साथ सडक दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों को सबक मिल सके। इसी क्रम में भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जब्त करते हुये न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 8 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा सभी प्रकरण में चालकों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये इनके वाहन विधिवत जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले सभी 8 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10-10 हजार रूपये का अर्थदण्ड का आदेश दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्तरीय कराटे खेल के लिये 11 का चयन

**भाटापारा।** संभाग स्तरीय खेलों का आयोजन हुआ जिसमे 160 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। आयोजित प्रतिस्पर्धा में ऋषभ सिंग चैहान के नेतृत्व में बेहतरीन प्रदर्शन कर चयनित होने वाले खिलाड़ी दिनांक 8 सितंबर से 11 सितंबर तक जगदलपुर में होने वाले राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित होने वाले खिलाड़ियों में अंडर 14 बालक में दिव्यांश यादव अंडर 19 बालक में मोहन दास मानिकपुरी, शशांक वर्मा, रोहन डहरिया, भानु देवांगन, मोहनलाल वर्मा व पंकज कुमार है। उक्त अवसर पर शरद पंसारी, नेहा पटेल व हर्ष देवांगन उपस्थित थे।



### नेटबॉल प्रतियोगिता में 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया



**भाटापारा।** मेजर ध्यान चन्द की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल सप्ताह का आयोजन क्रीड़ा भारती के द्वारा किया गया जिसमे क्रीड़ा भारती के द्वारा जिला स्तरीय नेटबाल प्रतियोगिता का आयोजन तरेंगा हाईस्कूल मैदान में किया गया जिसमें जिले भर से 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता का आयोजन,17 एवं 21 वर्ष बालक बालिका वर्ग में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शरद पंसारी, निर्मल जांगड़े, प्रदीप कर्ष, सुमन साहा, ओमप्रकाश, मनोज साहू, आकाश आनंद, स्वाति, चित्ररेखा, नेहा पटेल व डीकेश्वरी शामिल थे।

### जैन मंदिर में पर्युषण पर्व

**भाटापारा।** आदिनाथ दिगंबर नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण चल रही है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने बतलाया पर्यूषण पर्व के पूर्व मंदिर में विराजमान सभी प्रतिमाओं का प्रक्षाल मार्जन किया जाता है पर्युषण पर्व के पूर्व मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों ने मंदिर में भगवान की प्रतिमाओं का मार्जन का कार्यक्रम संपन्न किया। रविवार से जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व दशलक्षण महापर्व प्रारंभ हो रहा है। 8 से 17 सितंबर तक पर्युषण पर्व दशलक्षण महापर्व संपन्न होगा। प्रतिदिन प्रातरू 6M 30 बजे मंगलाष्टक सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।



# हथनीपारा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का शिवरतन ने किया लोकार्पण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने शनिवार को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर के हथनीपारा वार्ड में बने शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय बालक प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य फीता काट लोकार्पण किया। शिवरतन शर्मा ने भवन का लोकार्पण करने के उपरांत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि मनुष्य के विकास के लिए व्यक्ति का शिक्षित होना आवश्यक है। इसके साथ ही जीवन में आगे बढ़ने तथा शिखर को स्पर्श करने के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी अत्यंत आवश्यक है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि संस्कारों से सपंन्न व्यक्ति जीवन में आने वाले अनेक उतार-चढ़ाव, सुख-दुरूख, कष्टों एवं विपत्ति को सहन करते हुए जीवन में उपलब्धि हासिल करता है। उन्होने आगे कहा कि विद्यालय विद्या मंदिर होता है विद्या ही विकास का मूलमंत्र है विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले छात्रों से आह्वान किया कि वह आज के इस प्रतिस्पर्धा युग में अपने को मांसिक रुप से तैयार रखे। उक्त कार्यक्रम में सुनील यदु, आशीष जायसवाल, लक्ष्मी नारायण वर्मा, जित्तू ठाकुर, रज्जू साहू, सियाराम साहू, नारायण ध्रुव, सतीश साहू, सुशील वर्मा, मधु सोनी, अभिषेक दास, भूषण देवांगन, आयशा खान, जयश्री शर्मा, वाय पी सोनी, अभिषेक मिश्रा, राजेश पटेल, ब्रिजेश निषाद सहित विद्यालय के प्रधान पाठक, शिक्षकगण, पालक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

पेड़ों के लिए बलिदान करने वाले 363 विश्नोई

# 1730 का अविश्वसनीय बलिदान जिनकी स्मृति में खेजलड़ी गांव में लगता है मेला

राजस्थान के खेजलड़ी में मेला चल रहा है जो हर बरस भादों माह में आयोजित होता है। यह मेला एक दर्दनाक घटना की स्मृतियों को संजोए हुए है

28 अगस्त 1730 को खेजड़ी पेड़ पर कुल्हाड़ी चलती उसके पहले अमृता देवी पेड़ से लिपट गई.. कुल्हाड़ी के अघात से अमृता देवी की गर्दन कट गई। पेड़ काटने वाले कई थे और पेड़ों की रक्षा करने वालों की कमी नहीं थी।




पेड़ों पर चलती कुल्हाड़ी के बीच लोगों ने अपने आपको सामने कर दिया। पेड़ कटे तो नहीं.. पर पेड़ों को बचाते 363 ग्रामीणों ने अपना जीवन पेड़ों के लिए समर्पित कर दिया। ऐसी दर्दनाक घटना 600 साल पहले राजस्थान के खेजड़ली गांव में घटी। पेड़ों की रक्षा करने के लिए ऐसा अनूठा बलिदान संत गुरु जभ्भोंजी के अनुयायी बिश्नोईयों ने किया था।

## पेड़ों के लिए बलिदान –

पेड़ों की रक्षा का ऐसा बलिदानी आंदोलन 28 अगस्त 1730 में चला, जब जोधपुर के किले का निर्माण शुरू हुआ था। जोधपुर महाराज अभय सिंह ने चूना पत्थर पकाने के लिए खेजड़ी पेड़ों को काटने का आदेश दिया था। दीवान गिरधर दास भंडारी खेजड़ली गांव मे अपने सैनिकों सहित जा पहुंचा और पेड़ों को काटने का फरमान जारी कर दिया। खेजड़ली गांव के लोगों ने विरोध किया और फिर 84 गांव के बिश्नोईयों की महापंचायत बैठी। पंचायत में निर्णय लिया गया कि पेड़ों को कटने नहीं देंगे उस के बदले भले खुद कट जाएंगे। गांव में हजारों बिश्नोई एकत्र हो गए और अमृता देवी के नेतृत्व में पेड़ों की रक्षा करने वाले लोग पेड़ों से लिपट गए।

खेजड़ी पेड़ को बचाते हुए सबसे पहले अमृता देवी ने अपना बलिदान दिया और फिर एक के बाद एक लोग कुल्हाड़ी के से कटते चले गए। खेजड़ली गांव में 363 लोग पेड़ों को बचाते हुए कट गए। संत गुरु जभ्भोंजी जी की वाणी को स्मरण करते हुए लोगों ने आत्मसर्ग कर दिया। पेड़ों को बचाते के 294 पुरुष और 69 महिलाओं ने अपना बलिदान दिया जिसमें 36 दंपति पूरी तरह से खत्म हो गए।





खेजड़ली , जोधपुर , राजस्थान , भारत के पास हरे पेड़ों को बचाने के लिए शहीद 363 बिश्नोईयों की स्मृति में एक स्मारक

## पर्यावरण रक्षक जभ्भोंजी –

1730 की इस दर्दनाक घटना पर सहसा विश्वास नहीं होता कि पेड़ों की रक्षा करने के लिए लोग आत्मोसर्ग से भी नहीं हिचके। आखिर कौन थे ये लोग... ! पेड़ के बदले खुद कटने वाले... ! तो सबसे पहले एक महान संत गुरु जभ्भोंजी का नाम सामने आता है।

संत गुरु जभ्भोंजी ने प्रकृति और पर्यावरण को बनाए रखने के लिए लोगों को एक व्यवहारिक दर्शन दिया, ताकि राजस्थान की मरूभूमि से लोगों का पलायन ना हो सके। गुरुजी ने सबसे पहले मरुस्थलीकरण रोकने के लिए एक सुदीर्घ योजना की नींव रखी। प्रकृति संरक्षण संवर्धन के लिए 29 नियम बनाएं। 20 और 9 नियमों का पालन करने वाले विश्नोई कहलाए। पारिस्थितिक तंत्र के समुचित संरक्षण के उपायों का समावेश करते हुए उन्हें बिश्नोईयों की जीवन शैली से जोड़ते हुए कहा,

जीव दया पालणी रूंख लीलो न धावों अर्थात् संसार के समस्त जीवों पर दया -भाव रखना व हरे-भरे वृक्षों को कदापि नहीं काटना। जभ्भोंजी की वाणी को शिरोधार्य करते हुए विश्नोई समाज आज भी पर्यावरण सहेजने में अपनी भूमिका निभाता चला रहा है।

खेजड़ली गांव की दर्दनाक दास्तान लेकर एक सैनिक महाराज अभय सिंह के पास पहुंचा। महाराज खेजड़ली पहुंचे और उन्होंने दीवान और उसके साथ आये सैनिकों को कारागार में डालने का आदेश दिया। महाराज ने एक ताम्रपत्र लिखकर आदेश जारी किया कि जहां विश्नोई समाज रहता है वहां के हरे- भरे पेड़ नहीं कटने चाहिए।

## खेजड़ी का वृक्ष–

खेजड़ी राजस्थान के मरुस्थल का बहु उपयोगी पेड़ है, जो पशु चारा के साथ स्वादिष्ट सांगरी भी देता है, जिसकी सब्जी बड़े चाव के साथ खाई जाती है। खेजड़ी को ही शमी वृक्ष कहा जाता है जिसकी पत्तियां भगवान शंकर को अर्पित की जाती हैं। महाभारत काल में पांडवों ने अपने अज्ञात वनवास काल में अस्त्र खेजड़ी पेड़ के कोटर में छुपा रखे थे। दशहरा के दिन शमी वृक्ष की पत्तियों का आदान- प्रदान प्रदान स्वर्ण तुल्य मानकर आज भी किया जाता है। खेजड़ी को एक पवित्र पेड़ मानकर घर-घर में रोपा जाता है। खेजड़ी को जंड,जांटी,वाणी,धाफ नाम से जाना जाता है। इस का वैज्ञानिक नाम प्रोसेफिस सिनेनेरिया है। राजस्थान सहित तेलंगाना राज्य का वृक्ष है। खेजड़ी ही यूएई का राष्टीय वृक्ष है।

## बलिदानियों की याद में मेला–

पेड़ों के लिए बलिदान देने वालों का स्मरण करते हुए घटना के ढाई सौ वर्ष बाद भादों सुदी दशमीं तदनुसार 28 अगस्त 1963 से मेला लगने लगा। मेला में आने वाले लोग बलिदानी भूमि की माटी को अपने मस्तक पर लगाते अपने को धन्य मानते हैं और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराते हैं।

- रविन्द्र गिन्नौरे

# मंदिर संकल्प यात्रा में जामडी पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास भनौरा पहुंचे

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** दिन सोमवार को संत रामबालक दास जी महाराज ग्राम भनौरा पहुंचे जिसमें ग्रामवासी तथा आसपास के ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। महाराज जी द्वारा गांव में बने धर्म सभा की पूजा अर्चना की उसके बाद मंच में ग्रामीणों को अपने तेजस्वी वाणी से संबोधन किया। संबोधन में महाराज जी ने हिंदूओं को जागृत करते हुए मंदिर निर्माण के विषय में बताया कि इसी जन्म में अपना कमाई के कुछ अंश राशि देकर पुण्य का भागीदार बन सकते हैं और अपने परिवार को भी इससे जोड़ने अपील की। महाराज जी ने आगे कहा कि जिस प्रकार अयोध्या में श्री राम जी का भव्य मूर्ति स्थापना हुई जिसमें पूरे भारत तथा विश्व के पूर्ण धर्मात्मा ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया, बताया कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण में छत्तीसगढ़ से 47 करोड़ धनराशि तथा 3000 क्विंटल चांवल श्री राम भगवान को छत्तीसगढ़ वासियों ने समर्पित किया गयाह। उसी प्रकार श्री राम भगवान के ननिहाल छत्तीसगढ़ के जमाड़ी पाटेश्वर धाम में मां कौशल्या का भाव विश्व के आदिति मंदिर निर्माण किया जा रहा है जो पूरे विश्व में विख्यात होगा दूसरा तल निर्माण हो चुका है 2025 तक तीसरा तल निर्माण होना है महाराज जी ने अपने उद्बोधन में आगे कहा की राशि एक साथ नहीं दे सकते तो अपने इच्छा अनुसार 3 वर्ष तक जमा कर सकते है। स्व सहायता महिला समूह को भी मंदिर निर्माण हेतु राशि सहयोग करने हेतु आग्रह किया गया। मंदिर निर्माण होने के बाद राशि नहीं लिया जाएगा अभी समय है समय रहते कुछ सहयोग देकर अपने नाम में तथा अपने माता-पिता के नाम में राशि जमा कर सहयोग प्रदान कर पुण्य का भागीदार बन सकते हैं। महाराज जी के उद्बोधन को सुनकर गांव वालों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया महिला समूह वालों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। महाराज जी के आमंत्रण करने में हेमलाल साहू , प्रेमलाल साहू, तुलसी वर्मा , भीषम साहू , वीरेंद्र साहू, छबिलाल साहू , राजेंद्र , संतोष साहू , अमर निर्मलकर और अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** कृषि विज्ञान केंद्र में भगवान बलराम की जयंती के अवसर पर किसान दिवस एवं एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जो प्रदेश स्तरीय आयोजन स्थल इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से सीधे ऑनलाइन माध्यम से जुड़ा हुआ था। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, अखिल भारतीय किसान संघ संगठन मंत्री, दिनेश कुलकर्णी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ.गिरीश चंदेल के उदबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। भगवान बलराम का पूजन किया गया। डॉ. अंगद सिंह राजपूत वरिष्ठ वैज्ञानिक ने आव्हान किया कि कृषक प्राकृतिक खेती व गौ आधारित खेती को अपना कर स्वयं के आय के साथ-साथ देश से खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को अप्रत्यक्ष रूप से बचत करने में अपना योगदान दे सकते हैं। डॉ. एच.एल. सोनबोईर ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रक्षेत्र परीक्षण प्रदर्शन का लाभ लेकर जिले के कृषक उपज को बढ़ाकर आमदनी बढ़ा सकते हैं। दीपक नायक उप संचालक कृषि ने कृषकों को कृषि विभाग के विभिन्न लाभकारी योजनाओं को अपनाते हुए उत्पादन वृद्धि हेतु प्रेरित किया। श्रीमती शांति लहरी, भारतीय किसान संघ ने पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को आधुनिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया। लक्ष्मण दास मानिकपुरी सरपंच खपराडीह प्राकृतिक खेती अपनाने को कहा। उपस्थित कृषकों को कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सविता राजपूत ने प्रमुख सब्जी फसलों के मूल्य संवर्धन, डॉ. प्रदीप कश्यप ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोग एवं महत्व, डॉ. स्वाति ठाकुर ने धान आधारित फसल चक्र, डॉ. पूर्णेन्द्र देव वर्मा ने रबि फसलों की बुवाई हेतु उपयोगी सीड ड्रिल के महत्व एवं उपयोग, डॉ. सागर आनंद पांडे ने धान की फसल मे कीट नियंत्रण पर कायर्शाला में प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में भाटापारा एवं सिमगा विकासखंड के 45 कृषकों ने भागीदारी प्राप्त किया इस अवसर पर उत्कृष्ट 20 कृषकों को सम्मान पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र पाल एवं धन्यवाद मुकेश तिवारी ने किया।

# ग्रामीण युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

## परिजनों ने लगाया पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप



**भाटापारा।** शहर सीमा से लगे ग्राम सूरजपुरा के खेत मे संदिग्ध अवस्था मे मिले एक युवक की शव मिलने से ग्रामवासी उद्धेलित हो गये व घटना स्थल पर हीं प्रदर्शन करने लग गये। उक्त घटना के संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सूरजपुरा निवासी लुकेश्वर जायसवाल का शव गांव के खेत मे पाया गया उसे किसी प्रकरण मे ग्रामीण थाना पुलिस ने थाना बुलाया हुआ था इस बीच वह पुलिस कस्टडी से वह फ रार हो गया और सुबह उसका शव खेत मे पडे हुये मिला इस बात की जानकारी ग्राम सूमा स्थित उसके परिजनो को होने पर बडी संख्या मे ग्रामीण पुलिस की कार्यशैली से नाराज होकर प्रदर्शन करने लगे इस दौरान टीआई अमित पाटले, एसडीओपी एश्वर्य चंन्द्राकर व एसएसपी हेमसागर सिदार वहां पहुंचे व घटना की बारीकी से छानबीन करने लगे लेकिन ग्रामीण आरोप लगाते रहे कि युवक के परिजनो की जानकारी के बगैर उसे थाना ले जाया गया और प्रताड़ित किया गया जिसके कारण युवक की मौत हुई। मृतक लुकेश्वर जायसवाल के पिता माधव प्रसाद जायसवाल एवं चाचा गिरधारी लाल जायसवाल का कहना है कि लुकेश्वर की मौत पुलिस प्रताड़ना के कारण हुई है वहीं एएसपी हेमसागर सिदार ने कहा है कि लुकेश्वर जायसवाल के मौत के प्रकरण मे न्यायिक जांच की जा रहीं है व पुलिस प्रशासन पर लगे आरोप की विभागीय स्तर पर जांच के आदेश जारी कर दिये गये है जांच के पश्चात लापरवाह पुलिस कर्मी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवरतन ने सेवानिवृत्त शिक्षको का सम्मान किया



**भाटापारा।** एक अच्छा शिक्षक वह है जो विद्यार्थियों को संस्कार की स्लेट पर विश्वास की वर्णमाला बंधुत्व की बारह खडी व शालीनता की शब्दावली तथा वैहारिकता के वाक्य और भाईचारे की भाषा को सिखाता है। उक्त उदगार प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने सुभाष बाजार स्थित छत्तीसगढ पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम मे व्यक्त किये। इस दौरान उन्होने सेवानिवृत्त शिक्षक शिक्षिकाओं को शाल श्री फ ल व अन्य सामाग्री प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर उमराव सिंग रात्रे, अशोक पंत, आरपी वर्मा, नंदलाल बाजपाई, रघुनाथ पटेल, दिलीप सिंग बिसेन, कमलनारायण यदू, संतराम साहू सहित बडी संख्या मे पेंशनधारी कल्याण संघ के सदस्य मौजूद थे।

### बंजारी पुल के पास लूट की कांग्रेसजनों ने की निंदा



**भाटापारा।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, जिला संयुक्त महामंत्री संतोष सोनी, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष कुबेर यदु ने सराफा व्यापारी नुतेश सोनी पिता खेमलाल सोनी के साथ नाँदघाट से रोहरा मार्ग पर बंजारी नाला पुल पर नकाबपोश धारी लुटेरों द्वारा गोली मार कर लूटने की घटना की कटु निंदा करते हुये कहा कि लिमतरा पुलिस सहायता केंद्र में आवश्यक पुलिस बल की कमी साथ ही साथ नये चैकी प्रभारी की निष्क्रियता के चलते विगत एक सप्ताह में लगातार नकाबपोश धारी व्यक्तियों के द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद आज फिर से इन्ही नकाबपोश धारी गैंग ने भाटापारा के सराफा व्यापारी नुतेश सोनी पर गोली चलाकर जान से मारने की कोशिश किया और लगभग तीन लाख रुपये के लागत की सोने चाँदी और नगदी रकम लूट ली। आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने और लिमतरा चैकी प्रभारी को निलंबित करने की माँग पुलिस महानिरीक्षक जुनेजा एवं जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से की है।

### गुरूकुल स्कूल में पुलिस का जागरूकता अभियान



**भाटापारा।** शहर पुलिस द्वारा गुरूकुल स्कूल मे छात्र-छात्राओं को नये कानून के संबंध मे नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी ने जानकारी दी। उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार, सोशल मिडिया मे उपयोग के दौरान सावधानी व सायबर अपराध सहित अन्य अपराध के संबंध मे विस्तार से उन्होने जानकारी दी साथ हीं स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षको को यातायात नियमो का पालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिये गये।

# विधायक अजय चन्द्राकर की मौजूदगी में सैकड़ों युवक युवतियों ने भाजपा की सदस्यता ली, शिवरतन ने कहा सदस्यता अभियान अनमोल अवसर है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर गुरूवार को भाजपा कार्यालय गोविंद सारंग परिसर में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की विधान सभा स्तरीय बैठक हुई। बैठक में भाजपा वरिष्ठ नेता, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं से लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की सदस्यता का नवीनीकरण इस अभियान में करना है। अजय चंद्राकर ने कहा भाजपा का सदस्यता अभियान सर्वव्यापी होना चाहिए। कोई भी बूथ सदस्यता अभियान से वंचित नहीं रहे। अजय चंद्राकर ने आगे कहा की भाजपा एक मात्र राजनीतिक दल है जिसका अपना आंतरिक लोकतंत्र है जिसमे व्यवस्था के तहत कार्यक्रम चलते हैं भाजपा इसलिए पार्टी विद डिफरेंस है। सभी पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा-प्रकोष्ठ सदस्यता के लक्ष्य को रिकॉर्ड स्तर पर पूरा करें।बैठक को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे झ इस सिद्धांत को लेकर भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई थी। जनसंघ के इन्हीं आदर्शों पर



चलते हुए, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी की शुरुआत हुई। आज, उसी समर्पण और सिद्धांत के साथ भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, जो राष्ट्रहित के लिए प्रतिबद्ध है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सदस्यता लेकर 02 सितंबर को सदस्यता अभियान शुरू किया। शिवरतन शर्मा ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा की यात्रा जन संघ के रूप में शुरू हुई थी। सन 1980 में भाजपा के गठन को लेकर अब तक की राजनीतिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ने अटल जी और अब मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाई।शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि सभी कार्यकर्ता गली-गली घर-घर पहुंचकर भाजपा का सदस्य बनाकर पार्टी को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बनाने में अपना मत्वपूर्ण योगदान दे। शिवरतन शर्मा ने कहा की सदस्यता अभियान भाजपा और देश को मजबूत बनाने का अनमोल अवसर है,और इसके लिए हम सब ज्यादा से ज्यादा समय देकर निर्धारित सदस्यता के लक्ष्य को पार करें कार्यक्रम के उपरांत लगभग 50 से 60 युवक युवतियो ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली जिन्हें उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने पार्टी गमछा पहना कर एवं ऑन लाइन सदस्यता दिला कर प्रवेश करवाया।

# शिवरतन शर्मा के प्रयास से सिमगा अब नगर पालिका बना

भाटापारा। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत सिमगा को नगर पालिका का दर्जा दिलाने के प्रयास को तवज्जो देते हुये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने स्वीकृति प्रदान कर सिमगा नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने के लिये अधिसूचना जारी कर दी है। राज पत्र मे अधिसूचना जारी होने के बाद सिमगा नगर पालिका बनाये जाने को लेकर सिमगा क्षेत्र मे खुशी व जश्न का माहौल बन गया है। सिमगा को लगातार विकास की एक के बाद एक नई सौगात मिलने पर सिमगा व भाटापारा क्षेत्र के लोगो ने प्रसन्नता प्रकट करते हुये कहा है कि विकास पुरूष शिवरतन शर्मा की कार्य क्षमता से सिमगा जो कि कांग्रेस शासन काल मे उपेक्षित रहा है वहां अब विकास की बयार बहने लगी है। नगर पंचायत से नगर पालिका का दर्जा मिल जाने के बाद विभिन्न शासकीय मदो मे विकास के लिये बडी राशि सिमगा को अब प्राप्त हो सकेगा व सिमगा शहर के रूप मे अब विकास की दौड़ मे और तेजी से आगे बढेगा। नगर पालिका बनाये जाने पर सिमगा व भाटापारा क्षेत्र के धीरज जैन, सचिन जैन, अभिजीत अवस्थी, नीरज शर्मा, छोटू यादव, मनमोहन शर्मा, सुर्यकांत ताम्रकार, चन्द्रमणी तिवारी, आनंद यादव, अनिल पांडे, सुनील यदू, राकेश तिवारी, महाबल बघेल, राजा कामनानी, शेखर, अभिषेक दास, बिटटू राजपूत, मनेन्द्र सिंग गुम्बर, आशीष जायसवाल, मोहन बांधे, आनंद अग्रवाल, गोवर्धन डहरिया व व्यासनारायण यदू सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव व शिवरतन शर्मा के प्रति आभार प्रकट करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# चाकू लहराते हुये तीन चाकूबाज को पुलिस ने धर दबोचा

**भाटापारा।** शहर मे एक लंबे समय से अलग अलग स्थानो पर जारी चाकूबाजी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है पुलिस प्रशासन मे एक के बाद एक नये नये थानेदार पदस्थ होने के बावजूद चाकूबाजी की घटना से शहरवासी भयभीत है। उक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केके वार्ड अंतर्गत कल्याण सागर तालाब के पास एक व्यक्ति अपने हाथ मे चाकू रखकर उसे लहराते हुये सड़क पर आने जाने वालो को भयभीत कर रहा है इस बात की सूचना पुलिस गश्ती दल को मिलने से गश्ती दल ने वहां पहुंचकर योगेश यादव उर्फ रबादा नामक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा है उसके कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर पुलिस ने योगेश को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है इसी तरह एक अन्य घटना मे नयागंज वार्ड गर्ल्स हॉस्टल के पास चाकू लहराते हुये पवन तिवारी नामक युवक को पकड़ा गया है उसके पास से भी पुलिस ने




धारदार चाकू बरामद किया है वहीं पुलिस गश्ती दल ने नेहरू वार्ड मंदिर स्थित हनुमान मंदिर के पास नयागंज वार्ड निवासी नरेश वर्मा नामक युवक को तलवार लहराते हुये धर दबोचा है नरेश वर्मा तलवार लहराकर आने जाने वालो के बीच दहशत पैदा कर रहा था। उक्त तीनो चाकूबाजो के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त प्रकरण मे घटना स्थल का न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दौरा कर संज्ञान लिया।

# शराब दुकान के स्थान परिवर्तन में देरी, ग्रामीणों में आक्रोश

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। समीपस्थ ग्राम पंचायत गातापार में स्थित देसी व अंग्रेजी शराब दुकान के स्थान परिवर्तन में देरी के कारण ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है।

जहां के विद्यार्थी बच्चें भी कभी कभी खाली शीशी बोतलों को बेचकर पैसा कमाने के लिए तत्पर हो जाते हैं जिसमे उस बच्चे नही बल्कि विभाग की गलती है जो ग्रामीण स्तर पर शराब दुकान संचालित कर रहे हैं। कांग्रेस शासन



काल में सत्ता के मदहोश में अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए आबकारी विभाग के अधिकारियों ने सैकड़ों लोगों के विरोध करने के बावजूद शराब दुकान खोला था।सत्ता परिवर्तन के 10 माह बाद भी शराब दुकान को नहीं हटाया गया है, जिससे ग्रामीणों में दिन-प्रतिदिन वाद-विवाद, झगड़े, मारपीट जैसे अवांछित घटनाएं हो रही हैं। स्टाफ की कमी का रोना रोने वाले शराब दुकानों में पदस्थ कर्मचारी निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर शराब बेच रहे हैं, जिसकी शिकायत वार्ड वासियों ने की है।अधिक मूल्य पर शराब बिक्री की जानकारी होने पर कुछ एक छोटे स्तर के लोग भी अपना हाथ साफ कर रहे हैं। इस प्रकार की हरकतों को आखिर कौन प्रसार दे रहा है, यह जन चर्चा का विषय बना हुआ है। अवैध कीमत कमाई में कौन-कौन हिस्सेदारी है, इस बात का खुलासा किया जाना जरूरी हो गया है ग्रामीणों ने जिला स्तर के संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने शराब दुकान के स्थान परिवर्तन की मांग की है, नहीं तो जन आंदोलन की चेतावनी दी है। अब जनप्रतिनिधियों सहित शासन प्रशासन इस विषय पर क्या कार्रवाई करते हैं यह आगे देखना बांकि है।

# मुख्यमंत्री साय की पहल पर सड़क दुर्घटना में एक पैर गंवा चुके नंदकुमार को मिला कृत्रिम पैर

## सीएम कैंप कार्यालय से मांगी थी मदद, मुख्यमंत्री का जताया आभार

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला



**जशपुरनगर।** सड़क दुर्घटना में अपना एक पैर गंवा चुके नंदकुमार के लिए एक नई उम्मीद की किरण तब आई जब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर उन्हें कृत्रिम पैर उपलब्ध कराया गया। इससे नंदकुमार की जिंदगी में फिर से एक नई शुरुआत हुई है और उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई है।

### मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में नंदकुमार ने किया था आवेदन

एक पैर गंवा चुके नंदकुमार जो दुर्घटना के बाद जीवन में कई परेशानियों से जूझ रहे थे। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में जाकर अपनी समस्या का आवेदन दिया था। उन्होंने मुख्यमंत्री से कृत्रिम पैर की मांग करते हुए अपनी स्थिति को साझा किया। इस पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नंदकुमार को जल्द से जल्द कृत्रिम पैर उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद इन्हें रायपुर भेज कर कृत्रिम पैर दिलाया गया। अब वह फिर से बिना परेशानी से अच्छे से चल फिर रहा है और बहुत खुश है। उन्होंने सीएम साय का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया है।

### नंदकुमार के चेहरे पर फिर से लौटी मुस्कान

मुख्यमंत्री की इस पहल के बाद जिले के फरसाबहार तहसील क्षेत्र के केरसई निवासी नंदकुमार को कृत्रिम पैर प्रदान किया गया, जिसके बाद उनके चेहरे पर एक नई मुस्कान देखने को मिली। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह कृत्रिम पैर उनके लिए एक नई जिंदगी जैसा है। अब वे सामान्य जीवन की तरफ वापसी कर सकते हैं और एक बार फिर से अपने पैरों पर खड़े होकर जीवन की चुनौतियों का सामना करने को तैयार हैं।

### बगिया कैंप कार्यालय जरूरतमंदों के लिए बना आशा का केंद्र

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया, जो इस तरह की जनसहायक पहलों के लिए जाना जाता है, अब लोगों के बीच आशा का केंद्र बन चुका है। यहां न केवल नंदकुमार जैसे व्यक्तियों को मदद मिल रही है, बल्कि अन्य जरूरतमंद लोग भी अपनी समस्याओं को लेकर यहां आकर सहायता प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस पहल की व्यापक स्तर पर सराहना हो रही है, क्योंकि यह साबित करता है कि राज्य सरकार समाज के कमजोर और जरूरतमंद तबके की समस्याओं को गंभीरता से ले रही है। बगिया कैंप कार्यालय अब उन लोगों के लिए एक प्रतीक बन गया है जो जीवन की कठिनाइयों से जूझ रहे हैं और किसी प्रकार की सहायता की उम्मीद कर रहे हैं इस प्रकार, नंदकुमार की यह कहानी एक उदाहरण बन गई है कि कैसे सरकार और समाज के सहयोग से जीवन में नई उम्मीदें और खुशियाँ लौट सकती हैं।

# अदाणी फाउंडेशन ने चलाया ओजोन परत जागरूकता अभियान

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

अंबिकापुर. अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का आयोजन किया, जिसमें ओजोन परत के महत्व को उजागर किया गया। इस अभियान को राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) और अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से खदान परिधीय क्षेत्रों के आसपास स्थित सरकारी स्कूलों में चलाया गया।




इस अभियान में विभिन्न सरकारी स्कूलों के 660 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें घाटबर्रा, फतेपुर, बासेन, साल्ही और तारा के मिडिल स्कूलों के साथ-साथ साल्ही स्थित अदाणी विद्या मंदिर के विद्यार्थी भी शामिल थे। यह कार्यक्रम छात्रों को ओजोन परत की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। इसमें चित्रकारी और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के साथ-साथ थीम आधारित नाटक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।

चित्रकारी प्रतियोगिता में छात्रों ने ओजोन परत की सुरक्षा के महत्व को रचनात्मक चित्रों के माध्यम से दर्शाया, जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता में उन्होंने इस मुद्दे पर अपने विचार और सुझाव साझा किए। थीम आधारित नाटकों ने भी इस अभियान को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद तरीके से प्रस्तुत किया, जिसमें छात्रों ने ओजोन परत के महत्व को कला और अभिनय के माध्यम से उजागर किया।

अदाणी फाउंडेशन के इस अभियान का उद्देश्य न केवल छात्रों में पर्यावरणीय जागरूकता पैदा करना था, बल्कि उन्हें रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में प्रोत्साहित करना भी था। यह पहल अदाणी इंटरप्राइजेज की पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक सहभागिता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो विशेष रूप से इसके परिचालन स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने इस अभियान की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों को रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व समझाने में भी मदद करते हैं। भविष्य में भी इस तरह के अभियान के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में काम जारी रहेगा। इस अभियान ने स्पष्ट रूप से दिखाया है कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं। छात्रों ने अपनी भागीदारी के माध्यम से न केवल अपने कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि ओजोन परत के महत्व को समझने में भी योगदान दिया। यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण उदाहरण है कि कैसे युवा पीढ़ी को सही दिशा में प्रेरित करके पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। अदाणी फाउंडेशन की इस पहल ने साबित कर दिया है कि समाज में बदलाव लाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास भी कारगर हैं। यह अभियान बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी के लिए उन्हें जागरूक करने में भी सफल रहा है।

# ग्राम पतोरा पहुंचे विधायक ईश्वर साहू का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

## सभा में ग्राम पतोरा के लिए विधायक द्वारा मिले 30 लाख से अधिक की सौगात, होंगे निर्माण कार्य

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** साजा विधानसभा क्षेत्र विधायक ईश्वर साहू ग्राम पतोरा पहुंचे ग्रामीणों ने पुष्प हार से स्वागत किया विधायक ने समिति द्वारा विराजित गणेश भगवान की पूजा अर्चना की ग्राम व क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू अध्यक्षता राजेन्द्र शर्मा जिला पंचायत सदस्य सभापति गोवेन्द्र पटेल, विशिष्ट तिथियों में मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव, अनिल सिंघानिया, शैलेंद्र शर्मा , दौलत नाथ योगी उपस्थित थे। कार्यक्रम को पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा गोवेन्द्र पटेल, अनिल सिंघानिया, पुन्नी यादव ने संबोधित किया। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी है जहां बड़े से बड़े और छोटे से छोटे आदमी को काम करने का मौका मिलता है और उनके



कार्य प्रणाली के हिसाब से स्थान मिलता है। छत्तीसगढ़ सरकार, केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया गांव की समस्याओं की ओर विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया गया। ग्राम की प्रमुख समस्या बंदोबस्त त्रुटि सुधार के संदर्भ में जानकारी दी गई आगे आपने कहा जब तक बंदोबस्त में नक्शा खसरा बी1 का विस्तार पत्र के साथ सर्वे नहीं किया जाएगा, इसमें सही नहीं हो पाएगा पूरा सर्वेक्षण की जानकारी मिलने पर किसानों में सुधार होने से आशा जगी है। आपके द्वारा सभी ग्रामीणों को विश्वास दिलाया गया। मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव ने सदस्यता अभियान के बारे में बताया कि भारत की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है इनमें सभी साथियों को जोड़कर अग्रसर होना चाहिए यह पार्टी सबका साथ सबका विकास के मंत्र को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है अध्यक्ष ने गांव के साथियों को सदस्यता नंबर 88 00 002 024 पर मिस कॉल करने के लिए आग्रह किया। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिंघानिया जी ने समस्त ग्रामवासियों को अपील कि सत्य सनातन, हिन्दू धर्म, हमारी संस्कृति को प्राथमिकता देने वाले पार्टी को समर्थन करने अपील की और लेकर चलने वाले व्यक्ति को साथ देने एवं ग्रामवासी को एकता से काम करने व एकजुट रहने का संदेश दिया। आगे विधायक ईश्वर साहू ने संबोधन की शुरुआत गणेश भगवान के जयकारे के साथ की सभी को गणेश उत्सव की बधाई दी आगे आपने कहा साजा विधानसभा को जीत जाना आसान नहीं था बहुत पहले ही हम चुनाव जीत जाते लेकिन पार्टी में ही जयचंदों के कारण चुनाव हारते गए आप सभी के आशीर्वाद से चुनाव में जीत मिली है नामुमकिन को मुमकिन किया है। भय आतंक का वातावरण था जिसे अब मुक्ति मिली है, एक हल चलाने वाले और एक महल में रहने वाले की लड़ाई थी बड़ के पेड़ की तरह जड़ को फैला कर रखा था जिसे आप लोगों ने जड़ से ही काट दिया पतोरा बुथ से विधानसभा और लोकसभा चुनाव मे जीत पर विधायक ने आभार व्यक्त किया। आगे आपने कहा भाजपा सत्यसनातन, धर्म , राष्ट्र सेवाझमें चलने वाली पार्टी है भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा पूरा किया जा रहा है । काफी लंबे समय से बंदोबस्त की सुधार के लिए किसान परेशान थे पंचायत भवन में विधायक ईश्वर साहू, राजेन्द्र शर्मा , तहसीलदार प्रकाश यादव नयाब तहसीलदार मोरध्वज साहू आरआई पटवारी जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में बैठक ली गई विधायक द्वारा अलग से समिति गठन कर शीघ्र बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जागेश्वर साहू, संतराम साहू , पुरन कश्यप, दुखीराम साहू , युवराज साहू, मोहित पटेल , साहू समाज अध्यक्ष द्वारका साहू, परमेश्वर वर्मा, नागेश्वर साहू, तोषण पटेल, अनूपचंद साहू , नेमीचंद साहू , लालाराम साहू , नंदन पटेल, उमेश साहू , मोहन साहू , हिमाचल पटेल ,झदिलीप साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक द्वारा शीतला मंदिर प्रांगण के लिए 20 लाख, यात्री प्रतीक्षालय के लिए 10 लाख ज्योत अतिरिक्त कमरा के लिए 3 लाख , एवं बोर खनन हेतु 2 लाख राशि की घोषणा की गई है।

# लोन की किस्त चुका नहीं पा रहा था बुर्जुग, जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला





**अंबिकापुर।** माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंटो की रिकवरी ने बुजुर्ग की जान ले लीज्दरसअल गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डिगमा के मृतक घरभरन बरगाह के द्वारा फाइनेंस कंपनी से लोन लिया था। लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नही होने पर कुछ महीनों से लोन की किस्त की रकम नहीं चुका पा रहा था। इधर फाइनेंस कंपनी के एजेंटो द्वारा बार-बार किस्त जमा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। जिससे परेशान होकर बुजुर्ग ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को पता चलने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। इधर गांधीनगर पुलिस दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही है।

# धूमधाम से किया गया गणेश विसर्जन

**थान खम्हरिया।** ग्राम लोधी कापा में बड़ी धूमधाम के साथ गणेश विसर्जन किया गया , गांव के छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्गो तथा महिलाओं ने पूजा अर्चना कर ढोल नगाड़े बाजे गाने के साथ सीताराम सकीर्तन धूनी तथा गणेश भगवान की जयकारा के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ गणेश भगवान का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर तोषु वर्मा , रमेश वर्मा, रोहित वर्मा, मोनू यादव, राजेश यादव, भूपेंद्र सिन्हा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# जीवनदीप समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानखम्हरिया की बैठक हुई सम्पन्न , विधायक ईश्वर साहू भी रहे सम्मिलित

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** जीवनदीप समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बैठक बुधवार को ईश्वर साहू विधायक साजा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । विधायक महोदय द्वारा सम्पूर्ण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण किया गया, जिसमें उन्होंने ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष, मरचुरी कक्ष, एक्स-रे कक्ष आदि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरन यादव, सुरेश सिंघानिया , लोकनाथ पटेल, अनिल सिंघानिया, दौलत नाथ योगी। जीवन दीप समिति से अश्वनी वर्मा, स्वदेश



जायसवाल, प्रियंका श्रवण, अजीत नायक, मनीष ठाकुर, लोकेश साहू, नवीन चौहान,विनोद कुमार साहू, भोरलक्ष्मी रात्रे, भूमिका साहू, दीपक बंसल, पुरन कश्यप, आशीष दुबे, विक्रम साहू, पुरुषोत्तम शर्मा, मुकेश साहू, प्रभात कुमार, धनेश कुमार,राजू कुमार, सुरेश सिंह राजपूत, शेखर पाल उपस्थित थे।

बैठक के दौरान विधायक के समक्ष जीवनदीप समिति द्वारा प्रमुख एजेंडा रखा गया जिसमें

1. रिपेरिंग कार्य-भवन के समस्त बिजली वायरिंग एम.सी.बी. एंव टायलेट-बाथरूम का सीट टाईल्स, व मार्बल घिसाई दरवाजा खिडकी, पाईप लाइन एवं नल।

2. भवन के अन्दर, बाहर का रंग रोगन, पोताई एवं पुट्टी।

3.चिकित्सक एव कर्मचारियों हेतु 10 नग चेयर खरीदी किया जाना है।

4. मरचुरी कक्ष में शव विच्छेदन (पोस्ट मार्टम) हेतु कर्मचारी जीवनदीप समिति से रखने।

5. खरीदी-4 नग (8 टन) ए.सी. प्रसुति-प्रसव वार्ड हेतु।

6. निर्माण-पार्किंग हेतु टीन सेड का निर्माण।

7. निर्माण भवन के सामने मर्चुरी कक्ष तक 300 मीटर सी.सी.रोड निर्माण।

8. सी.सी. कैमरा रिपेयरिंग एवं 2 नग टी.वी.।

9. प्रयोगशाला कक्ष को विस्तार किया जाना है।

10. पेयजल-ओपीडी एवं भर्ती मरीज हेतु नया वाटर प्यूरीफायर क्रय।

11. जीवन दीप समिति में कार्यरत् सफाई कर्मी वेतन की वृद्धि हेतु अध्यक्ष महोदय जी से अनुमति ।

जिसमें क्षेत्र के विधायक एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे ईश्वर साहू ने विचार करते हुए कुछ कार्यो को विधायक मद एवं कुछ कार्यो को जीवनदीप समिति फंड से कराने सहमति प्रदान की। कार्यक्रम के समापन में क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू द्वारा अस्पताल के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।

# विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना' थीम पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का सांसद चिंतामणि महाराज ने किया शुभारंभ

## जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में लोगों द्वारा उत्सुकता और उत्साह से किया जा रहा अवलोकन

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला










**अम्बिकापुर** / सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने आज अंबिकापुर के पीजी कॉलेज आडिटेरियम परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा 'विकसित भारत = मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्कूली, कॉलेज के विद्यार्थी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**फ़ोटो प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक**

सांसद श्री चिंतामणि सहित सभी अतिथियों, एवं पत्रकार बंधुओं ने विकसित भारत = मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग सुश्री संगीता लकड़ा द्वारा सांसद श्री चिंतामणि को फोटो प्रदर्शनी की थीम से अवगत कराया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रम तथा विकास के परिदृश्य पर आधारित फोटो प्रदर्शनी को सार्थक पहल बताया।



फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक शामिल है। फोटो प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, अंतरिक्ष शक्ति सहित विभिन्न उपलब्धियों की झलक है। फोटो प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

# बरगा में नम आंखों से किया गणपति जी की विदाई



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** चतुर्थी से लेकर चतुर्दशी तक लगातार दस दिन पूजन अर्जन सेवा के बाद श्री गणेश जी को विदाई देते समय सभी श्रद्धालुओं का भावुक होना स्वाभाविक हैं,इस दस दिवसों में आस्था के साथ साथ श्री गणेश जी के प्रति एक अलग ही रिश्ता जुड़ जाता हैं, जिनकी विदाई पर श्रद्धालु भावुक हो जाते हैं।

गांव के विभिन्न चौक चौराहों से गणेश जी को नम आंखों से विदाई किया गया जिसमें पटैल पारा, बाजार चौक, महावीर चौक, पाल चौक, कुटेलहा पारा, बाल संस्कार शिशु मंदिर में विराजित गणेश जी का विसर्जन किया गया।गणेश जी का ग्राम भ्रमण के बाद तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर अरूण साहू, चुरावन साहू, भुषण साहू, दौलत यादव, मोनू कुमार, डाकवर साहू, रूपेश कुमार, संजु साहू, मुकेश साहू, अजय साहू डकेश साहू, रूपेन्द्र पाल, विजय साहू, गोपाल साहू, नरोत्तम यादव , जीयन निषाद, सीताराम साहू, कोमल साहू, तेखन यादव, जयराम साहू, चोवाराम साहू, कृष्णा साहू सहित अन्य सदस्य शामिल थे।



# एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के तहत संभागायुक्त कार्यालय में किया गया वृक्षारोपण

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला








**अंबिकापुर।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत बुधवार को संभाग आयुक्त जीआर चुरेंद्र के नेतृत्व में संभागायुक्त कार्यालय में समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया। संभागायुक्त श्री चुरेन्द्र ने पौधा रोपित कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया तथा इसके साथ ही संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली गई। संभागायुक्त श्री चुरेन्द्र ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़-पौधे आवश्यक हैं। इसलिए स्वयं पौधरोपण कर अपने आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करें तथा उसकी देखभाल बेहतर ढंग से करते रहें।









अभियंता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महान अभियंता "भारत रत्न"
डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन
कार्यपालन अभियंता एंव समस्त अभियंतागण
छत्तीसगढ़ ग्रामीण सडक विकास
अभिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई
क्र. 02 अंबिकापुर जिला सरगुजा
विनित-नरेन्द्र कुमार भगत


अभियंता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महान अभियंता "भारत रत्न"
डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन
कार्यपालन अभियंता एंव समस्त अभियंतागण
जलसंसाधन विभाग डिविजन रामानूजगंज
विनित-लोकेश प्रसाद मिश्रा


अभियंता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महान अभियंता "भारत रत्न"
डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन
कार्यपालन अभियंता एंव समस्त अभियंतागण
ग्रामीण यॉंत्रिकी सेवा संभाग अंबिकापुर
विनित-तिर्की साहब ईई


अभियंता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महान अभियंता "भारत रत्न"
डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन
कार्यपालन अभियंता एंव समस्त अभियंतागण
जलसंसाधन विभाग डिविजन अंबिकापुर
विनित-अशोक कुमार निरंजन


अभियंता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महान अभियंता "भारत रत्न"
डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन
कार्यपालन अभियंता एंव समस्त अभियंतागण
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवा संभाग अंबिकापुर सरगुजा डिवजन
विनित-सुशील सिन्हा


अभियंता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महान अभियंता "भारत रत्न"
डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन
कार्यपालन अभियंता एंव समस्त
अभियंता गण जलसंसाधन
विभाग डिविजन सूरजपुर
विनित- चन्द्रभानु ध्रुव सर

# अभियंता दिवस 2024: किसकी याद में मनाया जाता है अभियंता दिवस और कब हुई इसकी शुरुआत ? जानिए यहां




भारत में हर साल 15 सितंबर को इंजीनियर दिवस का आयोजन किया जाता है। यह दिन भारत के उन सभी इंजनीयरों को समर्पित हैं, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपने कौशल से इस सपने को आकार दे रहे हैं। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि भारत में इंजीनियर दिवस किसकी याद में मनाया जाता है। यदि नहीं, तो इस लेख के माध्यम से हम इस बारे में जानेंगे। भारत में इंजीनियरों की कमी नहीं है। सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सॉफ्टवेयर व ऑटो इंजीनियरिंग से लेकर विभिन्न वर्गों में हमें इंजीनियर देखने को मिल जाते हैं। देश में हर साल 15 सितंबर को इंजीनियर दिवस का आयोजन किया जाता है। यह दिन भारत के उन सभी इंजनीयरों को समर्पित हैं, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपने कौशल से इस सपने को आकार दे रहे हैं। इस दिन हम अपने सभी इंजीनियर दोस्तों, भाईयों व अन्य लोगों को इंजीनियर दिवस की शुभकामनाएं भेजते हैं। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि भारत में इंजीनियर दिवस किसकी याद में मनाया जाता है। यदि नहीं, तो इस लेख के माध्यम से हम इस बारे में जानेंगे। सबसे पहले हम यह जान लेते हैं कि इंजीनियर दिवस किसकी याद में मनाया जाता है ? आपको बता दें कि भारत में इंजीनियर दिवस सिविल इंजीनियर सर एम. विश्वेश्वरय्या के जन्मदिवस के उपलक्ष्य के तौर पर मनाया जाता है। उन्हें भारत में महान इंजीनियर के तौर पर भी जाना जाता है। मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या का जन्म 15 सितंबर 1881 में कर्नाटक के मैसूर में कोलार जिले में हुआ था। वह एक तेलुगु परिवार से संबंध रखते थे। उन्हें बचपन में लोग विश्वा के नाम से बुलाते थे। उनके पिता का नाम श्रीनिवास शास्त्री था, जो कि पेशे से आयुर्वेद होने के साथ-साथ संस्कृत के विद्वान भी थे। हालांकि, विश्वेश्वरय्या की सिर्फ 12 साल की उम्र में ही पिता का साया सिर से उठ गया था। विश्वेश्वरय्या का शुरू से ही साइंस विषय के प्रति लगाव था। उन्होंने 1883 में पूना के साइंस डिग्री कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और इसके बाद उन्हें सहायक इंजीनियर के पद पर नौकरी मिल गई। साल 1909 में वह राज्य के चीफ इंजीनियर के पद नियुक्त हुए। वहीं, बाद में वह मैसूर के प्रमुख इंजीनियर बने। मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या बाढ़ आपदा प्रबंधन और सिंचाई तकनीक में माहिर थे। उन्होंने कई जलाशयों और जलविद्युत परियाजनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कावेरी नदी पर बना कृष्णराज सागरबांध उनके प्रयासों की देन है, जिससे लाखों किसानों को लाभ मिल रहा है। साथ ही, उन्होंने मैसूर ऑयल और सॉप फैक्ट्री, भद्रावती आयरन एंड स्टील वर्क्स और बैंक ऑफ मैसूर को स्थापित करने में अपने कड़े प्रयास किए। साल 1955 में उन्हें भारत सरकार की ओर से भारत रत्न से सम्मानित किया गया। साल 1962 में 102 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 1968 से भारत में इंजीनियर दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

बहुचर्चित -सरगुजा जिले के सीतापुर तहसील में हुए संदीप लकडा हत्याकांड में

## सीएम की नाराजगी के बाद हटाए गए सीतापुर टीआई जान लकडा सहित एसआई गुप्ता





**अंबिकापुर.** सीतापुर के बेलजोरा निवासी राजमिस्त्री संदीप लकड़ा की नृशंस हत्या व शव दफन करने वाला मुख्य आरोपी ठेकेदार अभिषेक पांडेय अब तक गिरफ्तार नहीं हुआ है। इसे लेकर आदिवासी समाज में आक्रोश है। वे सीतापुर रेस्ट हाउस के सामने 3 दिन से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठे हैं। वहीं परिजनों ने अब तक संदीप का शव का अंतिम संस्कार नहीं किया है। उनका कहना है कि जब तक मुख्य आरोपी नहीं पकड़ा जाता, वे शव नहीं लेंगे। इसी बीच सरगुजा पुलिस ने सीतापुर थाने के टीआई जॉन प्रदीप लकड़ा व एक एसआई को हटा दिया गया है। हम आपको बता दें कि सीतापुर के आदिवासी युवक संदीप हत्याकांड के आरोपियों के नहीं पकड़े जाने को लेकर सीएम ने नाराजगी जताई थी। कलेक्टर्स की एक दिन पूर्व हुई मीटिंग में इस हत्याकांड का खास जिक्र किया था। वहीं हत्या के अपराधों को जल्द से जल्द सुलझाने की बात कही थी।

इसी बीच सरगुजा एसपी योगेश पटेल ने शनिवार को 4 पुलिसकर्मियों की ट्रांसफर लिस्ट जारी की है। इसमें सीतापुर टीआई जॉन प्रदीप लकड़ा को हटाकर साइबर सेल प्रमुख बनाया गया है। उनके स्थान पर साइबर सेल प्रभारी मोरध्वज देशमुख को सीतापुर थाने का प्रभार दिया गया है।

वहीं सीतापुर थाने में पदस्थ एक और एसआई शिवचरण साहू को हटाकर लाइन अटैच किया गया है। वहीं लखनपुर में पदस्थ एएसआई अरुण गुप्ता का तबादला सीतापुर थाने में किया है। संदीप हत्याकांड के मुख्य आरोपी की जल्द गिरफ्तारी, परिजनों को 2 करोड़ का मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर जहां सर्व आदिवासी समाज द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने भी प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस का समर्थन देने की बात कही थी। इसके बाद से कांग्रेस के लोग भी सर्व आदिवासी समाज के समर्थन में उतर चुके हैं। इसी बीच शनिवार को पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी धरना स्थल पर पहुंचे और समाज के लोगों से चर्चा की। गौरतलब है कि 2 दिन पूर्व ही सिंहदेव ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल खड़े किए थे।आदिवासी युवक संदीप लकड़ा का शव 6 सितंबर को मैनपाट के लुरैना स्थित पानी टंकी के फाउंडेशन के नीचे दफन मिला था। उस दिन से उसके परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया है। ऐसे में सदीप का शव पिछले 9 दिन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मरच्यूरी में पड़ा है।

## श्राद्ध और भागवत कार्यक्रम में पहुंचे सांसद एवं विधायक



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** थानखम्हरिया समीपस्थ ग्राम गड़वा श्राद्ध पितर कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, विधायक ईश्वर साहू एवं पूर्व विधायक लाभचंद बाफना सम्मिलित हुए। ग्राम गड़वा के प्रतिष्ठित व धार्मिक मिलनसार व्यक्ति स्व. शंकर पटेल के निवास में पहुंचकर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी, कार्यक्रम की व्यवस्था सोनू पटेल के द्वारा संभाली गई थी। भाजपा के दिग्गज नेताओं के अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता श्रद्धांजलि देने ग्राम गड़वा पहुंचे। सांसद विधायक ने दाऊ स्वर्गीय श्री शंकर पटेल की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किया। आपके द्वारा कहा गया दाऊ शंकर पटेल जैसे व्यक्ति हजारों में एक मिलते हैं। इस परिवार से मेरा संबंध परिवार जैसा है, सोनू पटेल के आमंत्रण व्यवहार के कारण मैं अपने आप को रोक नहीं पाया, यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे ग्राम गड़वा आने का अवसर प्राप्त हुआ। तत्पश्चात सांसद व विधायक ग्राम अमलीडीह भाजपा नेता ज्वाला सिंह राजपूत के निवास में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में सम्मिलित हुए। व्यास महाराज जी की पूजा अर्चना की आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज जी ने सांसद विधायक महोदय को साल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया गया। संबोधन कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक ईश्वर साहू ने संबोधित किया। आपने कहा कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। प्रत्येक गांव में कथा का आयोजन होना चाहिए। इसके श्रवण से संत महात्माओं के संगत से बुराई दूर होती है। आगे आपने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में धर्म के प्रति लोगों की रुचि बड़ी है। सनातन हिंदू धर्म को जगाने की आवश्यकता है, आचार्य महाराज जी ने कहा जब भगवान श्री विष्णु ने विभिन्न रूपों में अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की रक्षा की और पापियों का संघार किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरालाल साहू, गोविंद पटेल ,बेरला जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल, अनिल सिंघानिया, रमेश पटेल, राजेंद्र वर्मा ,विक्रम पटेल, प्रहलाद वर्मा , तोषू वर्मा, रोहित पटेल, बुलाक साहू, लेखु राम साहू ,सूरज राजपूत, संतोष पटेल, सोनू पटेल, अनिल माहेश्वरी, राजेश राजपूत, केशव पटेल, रोहित पटेल सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिवनाथ नदी का रौद्र रूप शांत हुआ, भाटापारा बिलासपुर मार्ग प्रारंभ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** लगातार तीन दिन शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पुल के बाढ मे डूबे रहने के बाद शनिवार को शिवनाथ नदी का रौद्र रूप शांत हो गया फ लस्वरूप सेमरिया घाट पुल से नदी का पानी नीचे आते हीं सामान्य रूप से भाटापारा बिलासपुर सड़क मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रारंभ हो गया सेमरिया घाट पुल के डूबान क्षेत्र से बाहर आते हीं बडी तादाद मे छोटे बडे तमाम वाहन कैप्शूल वाहन, ट्रक, मेटाडोर, यात्री बस एवं दुपहिया वाहनो का आवागमन प्रारंभ हुआ जिसके चलते पुल पर लंबा जाम लगा रहा बरसात के चलते सेमरिया घाट पुल पूरी तरह जगह जगह से टूट गया है फ लस्वरूप लोग अपने वाहनो को सावधानी पूर्वक पुल के हिस्से से निकालते रहे वहीं शनिवार को हीं भाटापारा से बिलासपुर, पथरिया, सरगांव, नवागढ, बैतलपुर, नारायणपुर, मारो, चक्रवाय, पुटपुरा, किरना, गूंजेरा, संबलपुर, अमलडीहा, मदकू द्वीप सहित अन्य सैकड़ो गांव के लोग सुगमता पूर्वक आवाजाहीं करते रहे। इस बीच शिवनाथ नदी की बाढ़ की विभीषिका से सेमरिया घाट के आस पास सेमरिया, दतरेंगी, एवं दर्जनभर से अन्य गांव जो बाढ की चपेट मे आये थे वहां पर खेती किसानी करने वाले किसानो के खेत की फ सल को भारी नुकसान पहुंचा है जिन्हे प्रशासन व शासन की ओर से मदद की दरकार है। सेमरिया से दतरेंगी जाने वाले मार्ग पर बहुतायत मे किसानो के खेत पानी की मार से प्रभावित हुये है जिसमे ज्यादातर किसानो के द्वारा कुछ माह पूर्व बोये गये धान को पूरी तरह नुकसानी उठाना पड़ा है इसी प्रकार की शिकायतें कुलीपोटा, दौरेंगा, लच्छनपुर, रामपुर सहित नदी किनारे के अन्य गांव से भी लगातार मिल रहीं है जिस पर शासन प्रशासन को ध्यान देते हुये प्रभावित किसानो को उचित मुआवजा देने के प्रति कार्यवाही करना चाहिये।

# शिवरतन के प्रयास से बिटकुली व अर्जुनी को मिला तोहफा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ब्लाक के ग्राम बिटकुली एवं बलौदाबाजार ब्लाक के ग्राम अर्जुनी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की शाखा खोलने की मंजूरी भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास से रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा स्वीकृति दी गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुये शर्मा ने बताया कि बिटकुली व अर्जुनी में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित की शाखा खुलने से हजारों ग्रामीणों को जहां बैंकिंग सुविधा आसानी से मिल सकेगी, वहीं कृषि से जुड़ी शासन की तमाम योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उन्हें लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। क्षेत्र में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की दो शाखाओं की स्वीकृति पर लोगों ने शिवरतन शर्मा के प्रति आभार प्रकट करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया है। नई बैंक की शाखा खुल जाने से विभिन्न ग्रामो के समितियों में धान बिक्री के बाद रकम आहरण सहित सहकारी बैंक से जुड़ी योजनाओं के लाभ के लिए किसानों को 60 से 70 किमी का सफर अब तय नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान मे अनेक गांव के किसानो व हितग्राहियों को सुबह घर से निकलने के बाद बैंक पहुंचने के बाद शाम को उन्हें निराश होकर भीड़ के चलते काम नहीं होने से वापस लौटना पड़ता था अब बैंक की नई शाखा खुल जाने से किसानों को सहुलियत होगी।

# इन्द्र साव ने भाटापारा में बढ़ते अपराध को रोकने एसपी से मुलाकात की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र मे लगातार बढ़ते अपराध की रोकथाम ज्वेलर्स के साथ लूट के आरोपी को पकड़ने सहित 2 दिन पूर्व सूरजपुरा में युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर क्षेत्रिय विधायक इंद्र साव ने पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ अनेक कांग्रेस नेता और मृतक युवक के परिजन उपस्थित थे। क्षेत्र में लगातार छोटे बड़े अपराधो के घटने से भयभीत क्षेत्रवासियो की जान, माल की सुरक्षा को लेकर क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात की और अंचल में लगातार हो रही अवैध शराब बिक्री, जुआ सट्टा व चाकू बाजी की घटना पर रोकथाम लगाने की मांग की। विधायक साव ने गत सप्ताह शहर के ज्वेलर्स के साथ भाटापारा नांदघाट मार्ग पर हुई लूट के आरोपियों के भी अब तक पकड़ ना आने पर चिंता जाहिर करते हुये आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस अधीक्षक अग्रवाल से पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर ग्राम सुमा के युवक लुकेश्वर जायसवाल द्वारा सुरजपुरा में की गई आत्महत्या मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी पुलिस कर्मियो के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए उनके विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की मांग की है। विदित हो की 2 दिन पूर्व पुलिस अभिरक्षा में रहे सूमा के युवक का शव सूरजपुरा के खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला था जिसको लेकर परिजन सहित ग्रामीणों ने गहरी नाराजगी जताते हुए शव को उठाने से इंकार करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। विधायक इंद्र साव की मांग पर यथोचित और शीघ्र कार्यवाही का भरोसा पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने दिया है। उपरोक्त अवसर पर जायसवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र जायसवाल, कुबेर यदु, शैली भाटिया, भरत वर्मा, नंदू साहू, दशरथ जायसवाल, मुरली मनोहर शर्मा, गिरधारी जायसवाल, मनहरण द्विवेदी, पवन तिवारी, दिवाकर मिश्रा व जित्तू शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

# आवास योजना में तेजी लाने एकसूत्री पंजीकरण अभियान चलाया गया



**भाटापारा।** प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने एवं समस्या के समाधान लिये कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के निर्देशानुसार जनपद पंचायत भाटापारा में सीईओ सत्यव्रत तिवारी के नेतृत्व मे आवास से जुडे प्रतीक्षा फार्म व आवास प्लस फार्म का पंजीयन कर पोर्टल मे डाला गया जिसके अंतर्गत सुबह 8 बजे से ही पंजीयन कार्य प्रारंभ कर दिया गया। उक्त पंजीयन का टारगेट निर्धारित करते हुये पूरे टाईम पंजीयन किया जाना निर्धारित रखा गया वही उक्त प्रक्रिया के अंतर्गत जितने भी कार्य पेंडिंग है उन्हें तीव्र गति से पूर्ण किया गया शासन के अतिमहत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना को सकार रुप देने हेतु उक्त प्रक्रिया मे प्रमुख रुप से सचिव रोजगार सहायक, करारोपण अधिकारी, डीईओ, एडीईओ, कार्यक्रम अधिकारी तकनीकी सहायक व आपरेटर्स शामिल थे।

# कमलाकांत इंस्टीटयूट में पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**भाटापारा।** शहर पुलिस प्रशासन द्वारा कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सोशल मिडिया उपयोग मे सावधानी बरतने तथा सायबर अपराध के संबंध मे विस्तार पूर्वक जानकारी देने के संबंध मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ हीं छात्र-छात्राओं को उनके कानूनी अधिकार एवं अन्य बातों की जानकारी देते हुये उनके साथ संवाद किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम मे कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट के संचालक मनीष शुक्ला, प्राचार्य वंदना चैहान, नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी, एसडीओपी एश्वर्य चन्द्राकर तथा सायबर सेल के प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# केशरवानी समाज का उत्सव संपन्न



भाटापारा। स्थानीय केशरवानी मंगल भवन मे कश्यप जयंती कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया उक्त अवसर पर केशरवानी समाज के प्रदेश संरक्षक विजय केशवानी रोहित केशरवानी, नीलेश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता तथा प्रदेश महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती विभा केशरवानी विशेष रूप से कार्यक्रम मे उपस्थित थे। कार्यक्रम मे मोहनलाल केशवानी व चन्द्र मोहन केशरवानी को केशर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। उपरोक्त अवसर पर दीपक केशरवानी, गरीबालाल केशरवानी, प्रदीप केशरवानी, प्रवीण केशरवानी, मोहन लाल रामनारायण, विनोद, वैभव, अशोक, प्रभुलाल केशरवानी, अनिल केशरवानी, कमल केशरवानी, मयंक केशरवानी, तरूण केशरवानी, राहुल केशरवानी, प्रांजल केशरवानी, सौरभ केशरवानी, अक्षत केशरवानी, पंकज केशरवानी, अमित केशरवानी, अभय केशरवानी, अमन केशरवानी, श्रीमती मनीषा केशरवानी, सरिता केशरवानी, सुमित्रा केशरवानी, कांति केशरवानी, बबीता केशरवानी, रजनी केशरवानी, सोनाली केशरवानी, सपना केशरवानी, हर्षा केशरवानी, मयूरी केशरवानी, पदमा केशरवानी, रीता केशरवानी सहित केशरवानी समाज के सभी प्रकोष्ठो के पदाधिकारी व सदस्य बडी संख्या मे उपस्थित थे।

# शिवरतन के प्रयास से अनेक निर्माण कार्यों की स्वीकृति

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से लगातार क्षेत्र में उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भाटापारा नगर के लिए 15 वे वित्त आयोग के अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत 252 लाख एवं टाइड ग्राण्ट अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 174.72 लाख राशि की स्वीकृति मिली है। अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में हथनीपारा मुक्ति धाम गेट से कन्हार तालाब तक आर सी नाली निर्माण 75.51 लाख, नयागंज वार्ड में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल से शुलभ शौचालय तक आर सी नाली कवर एवं चेम्बर निर्माण 13.15 लाख, के के वार्ड में पैठु आउटलेट से श्री रामजानकी मंदिर तक आर सी नाली निर्माण 24.68 लाख, सरस्वती नाला में ट्रांफरमर से मेन रोड नाली बब्बू हॉटल के पास आर सी नाली निर्माण 2.22 लाख, गांधी मंदिर वार्ड में दल्लू के प्लाट से नारायणी नवल धाम मंदिर के पास नाला तक आर सी नाली निर्माण 34.13 लाख, सुभाष वार्ड गौठान तक पहुँच मार्ग 49.97 लाख, गांधी मंदिर वार्ड प्रवीण केशरवानी के घर से कुंभज वर्मा के घर तक आर सी नाली एवं रोड निर्माण 19.79 लाख, गांधी मंदिर वार्ड कुंभज वर्मा के घर से गौतम अग्रवाल के घर होते हुए डॉ डी पी वर्मा के घर तक पुलिया के साथ आर सी नाली निर्माण 11.11 लाख, गांधी मंदिर वार्ड कुंभज वर्मा के घर से चंद्रकार के घर तक पुलिया सहित आर सी नाली निर्माण 9.36 लाख, एवं नगर पालिका कार्यालय परिसर में ऑफिस व वाहन पहुँच हेतु सीसी रोड निर्माण 12.08 लाख की स्वीकृति मिली हैं। साथ ही टाइड ग्राण्ट अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 174.72 लाख जिसमे बैक हो लोडर (01 नग) 47 लाख, हाइड्रोक्लोरिक ट्रेक्टर ट्रेलर (2 नग) 07.90 लाख, हाइड्रोक्लोरिक प्लास्टिक बैलिंग मशीन (03 नग) 15 लाख, ई रिक्शा (10 नग) 35 लाख, सेनेटरी नेपकिन वेडिंग मशीन (12 नग) 6.60 लाख, गारबेज मिनी टीपर (2.05 क्यूबिक मोटर - 05नग) 49.90 लाख, ट्रायसाइकिल (10 नग) 6.30 लाख, सेनेटरी नेपकिन इंसिनेटर मशीन (12 नग) 07.12 लाख की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया पुर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा उक्त निर्माण कार्यों से वार्ड रहवासियों को बारिश के दिनों में हो रही जल भराव की संकट एवं अन्य कठिनयो से निजात मिलेगा। विदित हो कि भाजपा की सरकार बनने के 9 माह में ही शिवरतन शर्मा की सक्रियता से करोड़ो के विकास कार्यों की स्वीकृती लागतार क्षेत्र को प्राप्त हो रहा है। जिसमे सिंमगा नगर पालिका बनने की अधिसूचना बिटकुली व अर्जुनी मे सहकारी मर्यादित बैंक खोलने की स्वीकृति, मोपका महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य, व्यवहार न्यायालय सिंमगा भाटापारा में भवन निर्माण कार्य, शिवनाथ नदी के सेमरिया घाट पर सेमरिया अमलीडीह मार्ग निर्माण कार्य, जैसे अन्य और भी करोड़ो रुपयों के विकास कार्यों की राज्य सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृति प्राप्त कर ली की गई है।

उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव सहित पूरे सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भी सभी हो रहे विकास कार्यों की स्वीकृति से प्रसन्नता व्याप्त है। उक्त स्वीकृति पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, मोहन बांधे, राजा कामनानी, मनिंदर गुम्बर, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, कुंजराम कोशले, सतीश साहू, दिलीप यादव, मनीष मिश्रा, राजू पटेल, आशिष पुरोहित, व्यास यदु, देवेंद्र साहू, अनिल चेलक, अनुभव गुप्ता, धन्नू यादव, पीताम्बर साहू, रवि वर्मा, सोमेश वर्मा, सुखदेव यदु व आशीष जायसवाल सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# करहीबाजार में छात्राओं को सायकल वितरण



**भाटापारा।** ब्लाक के ग्राम करहीबाजार हायर सेकेण्डरी स्कूल मे उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने साइकिल वितरण कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देते हुये कहा कि प्रदेश में बालिकाओं को शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करना एवं उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ाना शासन का कर्तव्य है इस दिशा में कार्य करते हुये शासन ने स्कूल तक बेटियों की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2004-2005 में 9 वीं कक्षा की छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल देने की पहल की, जिसके सकारात्मक परिणाम आज जनता के सामने हैं। शर्मा ने आगे कहा कि सरस्वती साइकिल योजना से शिक्षा में राज्य की बेटियों का हौसला बढ़ रहा है शिक्षा की विकास के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने इस योजना का लाभ हर बेटियां तक पहुंचा रही है। सरकार बेटियों को मिडिल से हाई और हाई से हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा के लिए प्रेरित करने विभिन्न प्रकार के योजना का लगातार विस्तार कर रही है। दूर-दराज से आने वाले छात्राओं के लिए यह सरस्वती साईकिल योजना वरदान की तरह उपयोग आई है। अब शिक्षा प्राप्त करने में स्कूल से घर की दूरी बाधा नहीं बनती उन्होने शिक्षा पर अपने विचार रखते हुए बताया कि बालिकाओं में शिक्षा की जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र की मोदी एवं राज्य की साय सरकार विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रही है शिवरतन शर्मा ने कहा कि एक शिक्षित बालिका ना केवल अपने परिवार को शिक्षित करती है बल्कि समाज मे शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। मंचीय कार्यक्रम के बाद करहीबाजार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत लगभग 50 छात्राओ को साइकिल का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ईश्वर देवदास, राजेश पटेल, लाला केशरवानी, हीरा पटेल, सियाराम चक्रधारी, अमरनाथ पटेल, लोकराम वर्मा, पुरुषोत्तम निषाद, फिरतु निषाद व तेजराम यादव सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे।

# शहर की संकीर्ण सड़कों में पांच सौ से अधिक बैटरी चलित तिपहिया वाहन उतरने से यातायात हुआ बोझिल

## लोग फंस रहे है जाम में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे लगभग पांच सौ से अधिक बैटरी चलित तिपहिया वाहन के विभिन्न सड़को पर दौड़ने से सड़क मे यातायात जाम की समस्या बढ गई है बैटरी चलित वाहनो के एक दर्जन से अधिक डीलरो द्वारा आसान किश्तो मे तिपहिया बैटरी चलित वाहन फ यनेंस मे दिये जाने के फ लस्वरूप नगर की सड़को पर बडी तादाद मे बैटरी चलित तिपहिया वाहन जिसमे ज्यादातर सवारी ढोने वाले वाहन तथा कुछ सैकड़ो की संख्या मे माल ढोने वाले तिपहिया वाहन के उतर जाने के बाद से जगह जगह सड़क पर जाम के हालात उत्पन्न हो रहे है खासकर रेल्वे स्टेशन से लेकर गोविंद चैक सदर बाजार होते हुये महासती मंदिर मार्ग होकर बस स्टैड वाले मार्ग पर यह विकराल रूप लेते हुये सड़क जाम लोगों के लिये सिरदर्द बन गया है फ लस्वरूप बस स्टैड से लेकर रेल्वे स्टेशन की ओर विभिन्न ट्रेनो को पकड़ने के लिये आने जाने वाले सभी यात्रियों को मुसीबतो से जूझते हुये स्टेशन तक पहुंचना पड़ रहा है इस आपाधापी मे अनेक यात्रियों के ट्रेन लगातार छूट रहे है यह विदित रहे कि आजादी के पूर्व सन 1935 मे भाटापारा नगर पालिका का गठन हुआ था उस वक्त रेल्वे स्टेशन से सदर बाजार, गोविंद चैक होते हुये कालेज मार्ग तक की सड़क कुल 39 फ िट चैड़ी थी लेकिन प्रशासन की कमजोरी की वजह से सड़क के दोनो छोर पर बेतहाशा अवैध कब्जे होने से उपरोक्त महत्वपूर्ण सड़क आज की स्थिति मे मात्र 19 फ िट चैड़ी रह गई है लगभग 20 फ िट हिस्से पर दोनो छोर मे लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है जिसके चलते यातायात पूरी तरह बाधित हो रहा है सड़क को उसके मूल स्वरूप मे वापसी आज की स्थिति मे जरूरी हो गया है ऐसी सूरत मे बिना किसी भेदभाव के व राजनीतिक दखलांदाजी के सभी प्रकार के अवैध कब्जे को सुगम यातायात के दृष्टिकोण से हटाये जाने की जरूरत है। शहर की बोझिल यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिये जय स्तंभ चैक के व्यापारियों ने भी एक ज्ञापन पुलिस प्रशासन को सौंपा था उसके बाद भी व्यवस्था मे कोई सुधार नहीं होने से अवैध कब्जा करने वाले के हौसले बुलंद है जनहित मे सभी प्रमुख मार्गो के अवैध कब्जा को प्रशासन हटाते हुये सुगम यातायात व्यवस्था शहर मे बनावें।

# शराब पीने के लिये चाकू लहराने वाले एक युवक व चार अपचारी बालक पकड़े गये

## सीसी टीवी फू टेज खंगालकर पुलिस ने पांच को धर दबोचा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर पुलिस ने नगर मे लगाये गये सीसी टीवी फू टेज का अवलोकन करने के बाद शराब पीने के लिये जबरदस्ती रूपये पैसे की मांग करते हुये मारपीट करने तथा गाली गलौज करते हुये धारदार चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले चार अपचारी बालक सहित एक नव युवक को पकड़ा है। उपरोक्त संबंध मे नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी ने बताया कि ग्राम गोढी टोपा निवासी ज्ञानू प्रसाद के साथ पांच अज्ञात लोगों ने शराब पीने के लिये पैसे देने की मांग करते हुये जबरदस्ती उसके साथ अश्लील गाली गलौज करते हुये चाकू लहराकर



उसको जान से मारने की धमकी देते हुये रूपये पैसे की मांग की ज्ञानू प्रसाद द्वारा रूपये पैसे नहीं है कहे जाने पर उसके साथ पांच लोगों ने मारपीट भी की उक्त घटना की रिपोर्ट पीडित द्वारा किये जाने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये सिटी सर्विलांस सिस्टम की मदद से सीसी टीवी फू टेज को खंगालते हुये पांच लोगों को शिनाख्त कर पकड़ा है पकडे गये लोगो मे चार अपचारी बालक व एक 19 वर्षीय नेहरू वार्ड निवासी रवि यादव नामक युवक भी शामिल है जिसके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 119 (1), 191 (2), 296, 351(2) आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण गृह तथा एक नव युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नगर के गोलबाजार में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74 वॉ जन्मदिन भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा हमेशा राष्ट्र, सनातन धर्म की सुरक्षा कवच रही है और मोदी जी के नेतृत्व में पार्टी के सपनों को साकार किया जा रहा है। राष्ट्र की पहचान आज वैश्विक स्तर पर हो रही है। मोदी जी की लोकप्रियता हर जाति और धर्म के लोगों में है। आज हम ऐसे प्रधानमंत्री का जन्मदिन मना रहे



हैं जो देश के सच्चे शिल्पी हैं। आपके द्वारा प्रधानमंत्री मोदी जी के दीर्घायु की कामना की गयी। श्री ठाकुर ने सदस्यता अभियान में जुड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया पश्चात् अनिल सिंघानिया ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजनीतिक जीवन संघर्षपूर्ण रहा। उनकी दूरदर्शिता और संकल्प ने देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह को भी जन्मदिन की बधाई दी गयी। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण किया गया। इस अवसर पर रोहित भारती, आदर्श जोशी, मुकेश सिंघानिया, राहुल छाबड़ा, ईश्वर बंसल, दीपक बंसल, रामसनेही नामदेव, प्रहलाद सिंह, विजय शर्मा, संतोष देवांगन, दुर्गेश जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

# भाटापारा में बढते अपराध पर गृहमंत्री से इस्तीफा मांगा शर्मा ने

**भाटापारा।** प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार प्रदेश में सत्तासीन हुई है पूरा प्रदेश भू-माफिया, शराब माफिया, जुआ-सट्टा माफिया और ड्रग्स माफियाओ के कब्जा में होते जा रहा है प्रदेश में चारो तरफ नशा और जुआ का कारोबार फलता फूलता नजर आ रहा है, अवैध शराब, सट्टा, जुआ, गाँजा के बाद अब ब्राउन शुगर का कारोबार का उजागर होना शहर मे असामाजिक गतिविधियों को बढावा देने वाला कृत्य है। ब्राउन शुगर का फलता फूलता कारोबार ड्रग्स विभाग के साथ साथ पुलिस विभाग की निष्क्रियता को प्रदर्शित करता है साथ ही साथ युवाओं के भविष्य को अंधकार में ले जाने वाली इस जहरीली नशा का खुले आम कारोबार होना तथा प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण भाजपा सरकार जनता जनार्दन का भी विश्वास खो चुकी है गृह मंत्री कुंभकर्णीय नींद सो रहे है अपने कर्तव्यों का पालन करने में असफल गृह मंत्री को अपने पद से तत्काल त्यागपत्र दे देना चाहिये।



# पितृपक्ष प्रारंभ

**भाटापारा।** 17 सितंबर दिन मंगलवार से पितृपक्ष का श्राद्ध पर्व शुरू हो रहा है इस दौरान लोग अपने पूर्वजो की आत्मा की शांति के लिये श्राद्ध तर्पण और पिंड दान करेंगे इसको लेकर बाजार मे सोमवार से श्राद्ध तर्पण के विविध सामानो की जमकर बिक्री हुई पितृपक्ष को लेकर लोग अपने पितृो को पूर्णिमा से अमावस्या तक श्राद्ध पूर्वक याद करते हुये विभिन्न जलाशय, तालाब, नदी व सरोवर मे तर्पण करेंगे वहीं पितृपक्ष के मद्देनजर स्थानीय बाजार मे तिल, चांवल, कुशा, गंगाजल, उड़द दाल, घी, जौ, मूंग, की बिक्री बडे पैमाने पर शुरू हो गई है। शहर के विभिन्न थोक दुकानो मे आसपास के अलावा अन्य कस्बो के सैकड़ो व्यापारियों ने पितृपक्ष के मद्देनजर रखते हुये भाटापारा बाजार मे भारी तादाद मे उड़द दाल की खरीदी की वहीं अन्य सामाग्रियों की भी जमकर बिक्री हुई है बाजार मे उड़द दाल चिल्हर दुकानदारो ने 130 रूपये प्रति किलो की दर पर बिकना शुरू हो गया है जबकि पितृपक्ष शुरू होने के पूर्व उड़द दाल का भाव औंधे मुंह नीचे गिर गया था शहर सहित अन्य कस्बों जिला एवं प्रदेश से बाहर भाटापारा के विभिन्न दाल मिलो मे उत्पादित उड़द दाल की भारी मांग होने से व पर्व विशेष के कारण इसके भाव उछाल मारने लगे है। पितृपक्ष के कारण सैकड़ो लोग अपने पितरो का तर्पण व श्राद्ध करने गयाजी, हरिद्वार व अन्य धार्मिक स्थलो की ओर बडी तादाद मे विभिन्न ट्रेनो मे रवाना हुये ज्यादातर श्रद्धालु रेल यात्री भाटापारा बलौदाबाजार, पथरिया, सरगांव, मारो मुंगेली, पलारी व कसडोल क्षेत्र से आये हुये यात्री थे।



# पाटले हटाये गये दीवान नये टीआई

**भाटापारा।** भाटापारा क्षेत्र मे बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं ग्राम सूमा निवासी लुकेश्वर जायसवाल द्वारा सूरजपुरा गांव के खेत मे पहुंचकर आत्महत्या कर लेने के परिपेक्ष्य मे विधायक इन्द्र साव द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल को लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग किये जाने के बाद पुलिस कस्टडी से फ रार होकर सूरजपुरा गांव के खेत तक मौत के प्रकरण मे अपनी गंभीरता दिखाते हुये एसएसपी विजय अग्रवाल ने भाटापारा ग्रामीण थाना मे पदस्थ नगर निरीक्षक अमित पाटले, प्रधान आरक्षक मनोज वर्मा, आरक्षक हरीश चन्द्रवंशी, कृष्णा जांगडे एवं अजय साहू को भाटापारा थाना से हटाते हुये रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार पदस्थ किया है। विजय अग्रवाल ने नगर निरीक्षक अमित पाटले को हटाकर उनके स्थान पर नरेशचंद दीवान को टीआई नियुक्त किया है।




# गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**भाटापारा।** मंगलवार को नगर मे गणेश विर्सजन का सिलसिला शुरू लगभग 100 से अधिक छोटी बडी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना शहर के विभिन्न वार्डो मोहल्लों के चैक चैराहे मे सार्वजनिक रूप से किया गया था इस दौरान उत्साह व उमंग तथा आस्था के साथ लोगों ने गणेश उत्सव पर्व मनाया। गणेश विसर्जन 17 सितंबर मंगलवार प्रातरू 6 बजकर सात मिनट के शुभ मुर्हूत से प्रारंभ हो जायेगा जो निरंतर दोपहर 1 बजकर सैतालीस मिनट तक जारी रहेगा। वहीं दोपहर मे विर्सजन का मुर्हूत 3 बजकर 19 मिनट से शाम 4 बजकर इंक्यावन मिनट बताया गया है। गणेश प्रतिमाओं का विर्सजन स्थानीय विभिन्न तालाबों के अलावा सेमरिया घाट शिवनाथ नदी तथा कल्याण सागर तालाब, कईहा तालाब, माता देवालय स्थित तालाब के अलावा अन्य तालाबो मे किया जायेगा शहर मे इस बार गत वर्ष की तुलना मे अधिक संख्या मे श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं का स्थापना कर पिछले 11 दिनो से भक्तिपूर्ण माहौल मे गणेश उत्सव मनाया उत्सव के दौरान अनेक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम जगह जगह प्रस्तुत किये गये।



# हर्षोल्लास से मनाया गया ईद मिलाद उन नबी का जश्न



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** थानखम्हरिया नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में मुसलमान भाइयों ने ईद मिलाद उन नबी का जश्न मनाया। मस्जिदों में एकत्र होकर नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण कर अपने गंतव्य तक पहुंचे। यह त्यौहार पैगंबर मोहम्मद के जन्म और मृत्यु दोनों का प्रतीक है, जिन्हें इस्लाम में अल्लाह का अंतिम दूत माना जाता है। मुसलमान भाइयों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारक दी और अल्लाह की रहमत की कामना की। कमेटी प्रमुख ने बताया कि इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में एकत्र होकर नमाज़ पढ़ते हैं और पवित्र कुरान के पाठ से अल्लाह की रहमत बरसती है। लोग अपने परिजनों और दोस्तों से मिलकर ईद की शुभकामनाएं देते हैं।

इस त्यौहार को पैगंबर मोहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है, जिन्होंने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया।

# राधा कृष्ण जमात मंदिर में वामन भगवान का उत्सव मनाया गया

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** नगर के श्रद्धालुओं के द्वारा स्थानीय जमात मंदिर में वामन भगवान के उत्सव में भजन कीर्तन किया गया। पं. ओम प्रकाश जोशी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, नैतिक अग्रवाल के द्वारा वामन भगवान जयंती उत्सव में मधुर आवाज के साथ भजन कीर्तन किया गया। पूजा , आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस अवसर पर महंत बसंत दास वैष्णव द्वारा वामन भगवान की जयंती उत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया। भगवान वामन के विषय में जानकारी दी, वामन विष्णु के 5 वे तथा त्रेता युग के पहले अवतार थे। यह ऐसे अवतार थे जो मानव शरीर में बौने ब्राह्मण के रूप में प्रकट हुए।भगवान बामन 52 अंगुल का रूप धारण करके प्रकट हुए।और राजा बलि के द्वार पर पहुंचे। बलि ने ब्राह्मण समझकर उनका स्वागत



सत्कार किया। जब भगवान ने राजा से तीन पग भूमि दान की याचना की। तब राजा बलि ने वामन से छोटे रूप में देखकर भूमि दान करने के लिए सहर्ष राजी हो गए थे। लेकिन जिस पर शुक्राचार्य ने काफी मना किया लेकिन वह नहीं माने, और उन्होंने जमीन पग के लिए गंगाजल का संकल्प लिया। तब भगवान ने विशाल रूप धरकर दो पग में सारे लोक नाप दिया। तब राजा बलि को गलती का अहसास हुआ और उन्हें प्रभु के आगे सिर झुका दिया। इस अवसर पर रामचंद्र दास वैष्णव, मुकेश सिंघानिया , पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, हीतेश कागलीवाल , शिव बिंदल , आशीष बंसल , श्यामा सिंघानिया , गोपी अग्रवाल , देवानंद त्रिपाठी, साकेत अग्रवाल, चेतन अग्रवाल उपस्थित थे।



# सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा शहर की मनोहारी गणेश प्रतिमाएं एवं झांकियों का किया गया दर्शन

## मोटर साइकिल में शहर के सभी गणेश पंडालों में पहुंचे सांसद संतोष पाण्डेय

**राजनांदगांव** / राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय जी का शनिवार को राजनांदगांव शहर का दौरा कार्यक्रम रहा। इस दौरान श्री पांडेय ने संस्कारधानी नगरी की ऐतिहासिक एवं गौरवशाली गणेशोत्सव परम्परा का अंग बनते हुए शहर के आकर्षक पंडालों में विराजे एक से बढ़ कर एक मनोहारी गणेश प्रतिमाएं व स्थल सजावट झांकियों का मोटर साइकिल में घूम कर दर्शन किया और भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना में शामिल होकर ऋद्धि-सिद्धी प्रदाता भगवान गणेश से शहरवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गणेश उत्सव का इतिहास बहुत पुराना है. छत्तीसगढ़ में गणेश पूजा परंपरा से सामाजिक चेतना का विकास हुआ और राष्ट्रीय आंदोलन को गति मिली. खास तौर पर छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में गणेश प्रतिमा स्थापित करने और इसे धूमधाम से मनाने की परंपरा शुरू हुई. राजनांदगांव जिला छत्तीसगढ़ में झांकी और हॉकी के लिए बहुत प्रसिद्ध है। उन्होंने भगवान श्री गणेश जी का दर्शन कर आशीर्वाद





प्राप्त किया और राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ वाशियो के लिए सुख समृद्धि की कामना की हैं।

इस दौरान गणेशोत्सव समितियों द्वारा सांसद संतोष पाण्डेय का फूल माला पहना कर व गुलदस्ता प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया।इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख,भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा ,भाजयुमो प्रदेश मंत्री आलोक श्रोती,सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन,शिव वर्मा, राजा माखीजा,बलवंत साहू,विजय जैन,राजेश यादव,राहुल मिश्रा,हिमांशु सोनवानी,अंशुल कसार,सत्यम मिश्रा,जय प्रकाश साहू,प्रिंस हाथीबेड,आशुतोष सिंह,दिग्विजय मिश्रा,रवि साहू,अरुण साहू,अर्जुन राजपुरोहित,जैकी सोनकर, दादू शर्मा,भैरव यादव, रोहित माखीजा, आर्यन साहू,जवाहर बेद,यश पारख सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी सांसद जी के साथ उपस्थित रहे।

## ग्राम बिरनपुर में जानलेवा हमला

# जनप्रतिनिधियों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। ग्राम बिरनपुर में 16 सितम्बर, सोमवार की रात लगभग 7:30 बजे एक गंभीर हमला हुआ। प्रार्थी जितेंद्र साहू, पिता लूक राम साहू जो विधायक ईश्वर साहू के मितान (मित्र) के रूप में जाने जाते हैं, पर प्रेमलाल साहू, दिलीप साहू और नंदलाल साहू द्वारा उनके घर जाकर जानलेवा हमला किया गया।



इस दौरान गाली-गलौज और मारपीट की गई। इस मामले की शिकायत प्रार्थी जितेंद्र साहू ने थाना साजा में दर्ज कराई, जिसके आधार पर अपराध क्रमांक 252/2, 296, 351/2, 115/2, और 333/5 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।ज्ञात हो कि प्रेमलाल साहू वही व्यक्ति है जिसने पहले भी जनप्रतिनिधियों के साथ मोबाइल के माध्यम से अभद्र व्यवहार किया था और गाली-गलौज की थी, जिसके चलते उसे जेल भेजा गया था। इस घटना ने विधायक और उनके क्षेत्र की छवि को धूमिल किया था। जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और उन्हें जेल की सजा मिलनी चाहिए।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर द्वारा 15 सितंबर रविवार को खेल महोत्सव संपन्न कराया गया





**रायपुर।** कोटा के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित हुए खेल महोत्सव में महानगर के सभी 14 नगरों के 829 खिलाड़ियों ने अलग अलग खेल में हिस्सा लिया।

खेल महोत्सव में सभी आयु वर्ग के आधार पर खेल खिलाए गए, बाल स्वयंसेवकों के लिए जहा बॉल पास एवम मंडल खो थे वही तरुणो ने कब्बड़ी एवम लक्ष्य भेद में अपने कौशल का प्रदर्शन किया, बाल एवम तरूणो के साथ प्रौढ़ खिलाड़ियों के लिए कुर्सी दौड़ और चम्मच दौड़ के खेल आयोजित किए गए थे।

मंच में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सौरभ सोनी जी जो सी.ए. और क्रीड़ा भारती के कोषाध्यक्ष हैं, तथा माननीय महानगर संघचालक श्री महेश बिड़ला जी उपस्थित रहे,

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना पश्चात् सभी 14 नगरों से आयी 70 टीमों द्वारा घोष के साथ भव्य परेड करने से हुआ,

प्रात: 9 बजे खेल के उद्घाटन से लेकर सायम् 6 बजे तक खेल महोत्सव संपन्न हुआ,

सभी के लिये अल्पाहार और भोजन की व्यवस्था रही,

### अन्य विवरण और खेलों के परिणाम इस प्रकार रहे--



बाल वर्ग
1.खेल का नाम- बाल पास
प्रथम स्थान- कृषक नगर
द्वितीय स्थान- पुरानी बस्ती
2. खेल नाम- मंडल खो
प्रथम स्थान- देवेंद्र नगर
द्वितीय स्थान- विवेकानंद नगर
तरुण वर्ग
1. खेल का नाम- कबड्डी
प्रथम स्थान- विवेकानंद नगर
द्वितीय स्थान- शंकर नगर
2. खेल का नाम- लक्ष्य भेद
प्रथम स्थान- शंकर नगर
द्वितीय स्थान- सावरकर नगर
प्रौढ़ वर्ग
1. खेल का नाम- कुर्सी दौड़
प्रथम स्थान- सीताराम जी, दीनदयाल नगर
द्वितीय स्थान- भोजराज जी, विवेकानंद नगर
2. खेल का नाम- चम्मच दौड़
प्रथम स्थान- सोहन जी, तात्या टोपे नगर
द्वितीय स्थान- मनोज जी, तात्या टोपे नगर

## श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति की बैठक में मजबूती पर चर्चा



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** थान खम्हरिया में श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति की बैठक कुटी धाम में आयोजित की गई। समिति के सदस्यों ने हिंदू सनातन धर्म और भगवान राम के चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करने पर चर्चा की।

बैठक में समिति को मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श किया गया और अगले कार्यक्रम की योजना बनाई गई। 24 सितंबर 2024 को ग्राम गोरखपुर खुर्द में एक दिवसीय मानस गान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में अनिल सिंघानिया, काशी अग्रवाल, कौशल वैष्णव, रामकुमार साहू, मोरध्वज साहू, लालाराम साहू, लीलाधर चंद्राकार, होरीलाल पाल, रामस्वरूप सिंह राजपूत, बलदाऊ वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## धूमधाम से गणेश जी का विसर्जन

**ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया**

थानखम्हरिया। थानखम्हरिया मारवाड़ी गणेश उत्सव समिति और अन्य मोहल्ले के स्थापित गणेश जी का विसर्जन समारोह में ढोल-नगाड़े की धुन पर झूलते-नाचते हुए किया गया। इस वर्ष न्यायालय के कठोर प्रतिबंध के कारण डीजे साउंड का उपयोग नहीं किया गया, लेकिन इसके बावजूद समारोह में उत्साह और हर्षोल्लास की कमी नहीं रही।शांति और वातावरण के अनुकूल तरीके से गणेश विसर्जन तालाब और नदियों में किया गया। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और सुख-समृद्धि का देवता माना जाता है, और उनकी पूजा करने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है।पंडित ज्ञान प्रकाश जोशी ने बताया कि हिंदू धर्म में हर वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन लोग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणेश जी की मूर्ति की स्थापना अपने घर में लाकर करते हैं। पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ उनका पूजन करते हुए 10 दिनों तक गणेश उत्सव का पर्व चलता है, जिसके बाद अनंत चतुर्थी के दिन गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ इसी भावना के साथ गणपति मूर्ति का विसर्जन कर दिया जाता है।इस अवसर पर समिति के सदस्यों और ग्रामवासियों ने विशेष रूप से भाग लिया और गणेश जी को विदाई दी।



### छत्तीसगढ़ साहित्य, संस्कृति का हिन्दी दिवस कार्यक्रम

## इन्द्राक्षी साहू की फुलवारी का विमोचन




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा/ छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान जिला इकाई बलौदाबाजार-भाटापारा में हिंदी दिवस के अवसर पर पुस्तक विमोचन,साहित्य संगोष्ठी सह काव्य गोष्ठी का आयोजन पुष्प मंगलम कान्यकुब्ज समाज भवन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. चित्तरंजन कर भाषाविद,रायपुर अध्यक्षता डॉ. सुशील त्रिवेदी प्रांतीय अध्यक्ष छ. ग. साहित्य एवं संस्कृति संस्थान रायपुर, विशिष्ट अतिथि में साहित्यकार गिरीश पंकज, बलदेव भारती, अतिथि, डॉ. रश्मि लता मिश्रा, शकुंतला तरार, डॉ. सीमा निगम, अपराजिता शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट वक्ता डॉ. सुधीर शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। हिन्दी और हिन्दी साहित्य के लिए वर्तमान समय में हमें उसके उत्थान के लिए क्या करना चाहिए इस पर अतिथियों ने अपने उदबोधन में दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में डॉ. इन्द्राणी साहू का कविता संग्रह साँची की छंदबद्ध छत्तीसगढ़ी बाल फुलवारी का विमोचन किया। उपस्थित महिला साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाईं गयी जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से की सराहना की। हिन्दी दिवस के कार्यक्रम में रायपुर, बिलासपुर सहित बलौदा बाजार भाटापारा जिला ईकाई की महिलाओं ने भाग लिया।




संस्था की जिला अध्यक्ष डॉ. सीमा अवस्थी ने इस आयोजन के लिए प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त की। साहित्य संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी में प्रदेश से आए हुए साहित्यकारों के साथ नगर के साहित्यकारों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय अमृतांशु एवं डॉ इन्द्राणी साहू साँची के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्हैया साहू अमित, कन्हैयालाल श्रीवास, अनुपम कुमार सिंह का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान नगर के प्रबुद्धजन, साहित्यकार, सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही ।

**4 हजार 240 हितग्राहियों के खाते में पहुंची पहली किश्त**

# कोरिया जिले में आवास योजना के लिए प्रधानमंत्री ने डीबीटी किए 16 करोड़ 96 लाख रुपए

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**कोरिया।** आज अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कोरिया जिले के हजारों परिवारों को पक्के मकान का मालिक बनने के लिए लगभग 17 करोड़ रूपए सीधे हस्तांतरित किए। प्रधानमंत्री आवास योजना में जिले के 4 हजार 240 पात्र हितग्राहियों को आज उनके आवास योजना की प्रथम किश्त की राशि प्राप्त हुई।




इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सभी हितग्राहियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर करते हुए सीधे हितग्राही के खातों में आदान राशि प्रदान की।

उन्होंने बताया कि जिले में 2024-25 में वंचित वर्ग के 5 हजार 244 हितग्राहियों को आवास योजना में लाभान्वित किया जाना है। इसके अंतर्गत आज बैकुंठपुर जनपद पंचायत में 2 हजार 950 पात्र हितग्राहियों को तथा सोनहत जनपद पंचायत में 1 हजार 290 पात्र हितग्राहियों को प्रथम किश्त राशि प्रदान कर दी गई है। राज्य स्तरीय समारोह में आज प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के लाखों हितग्राहियों को योजना का लाभ देते हुए डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित किया है। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि सभी हितग्राहियों को जल्द पक्के मकान का सपना साकार करने के लिए मैदानी अमले के द्वारा हर संभव मदद करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।


# रानी सती दादी का मंगल पाठ कर महिलाओं ने मांगा आशीर्वाद


ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया






**थानखम्हरिया।** सर्वप्रथम रानी सती दादी मां के सामने जोत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ मंगल पाठ शुरू हुआ श्याम मित्र मानस मंडली भाटापारा ने अपने सहयोगियों के साथ दादी मां के मधुर भजनों से सब का मन मोह लिया। नगर में सर्वोत्थान परोपकारी समिति ट्रस्ट व रानी सती दादी के भक्तों के सहयोग से रामजीलाल जगदीश प्रसाद भवन में मंगल पाठ का आयोजन किया गया मंगल पाठ में मारवाड़ी महिलाओं ने भाग लिया रानी सती दादी का जन्म उत्सव , विवाह, सती होने तक का जीवंत कथा की गई , मंगल पाठ में सुख समृद्धि और संतान प्राप्ति की मन्नत मानकर महिलाओं ने पूजा की , चुनरी धारण कर मंगल पाठ किया महिलाओं ने एक स्वर में मंगल पाठ किया। भक्ति भाव से झूम उठे कार्यक्रम के आयोजक अर्चना गोपाल शर्मा ने बताया अग्रवाल समाज कई परिवारों में रानी सतीदादी को कुल देवी के रूप में पूजा जाता है हर साल अगहन को जन्मोत्सव मनाया जाता है आरती के पश्चात प्रसादी व भंडारा किया गया इस अवसर पर श्याम मित्र मंडली के प्रमुख हरगोपाल ने बताया मंगल पाठ का उद्देश्य भावी पीढ़ी हिंदू सनातन धर्म भारतीय संस्कृति की जानकारी देना और आपसी भाईचारे को बढ़ाना था कार्यक्रम में व्यवस्था संचालन में कल्पना रुद्रेश अग्रवाल की विशेष भूमिका रही।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in